पाठक एवं एजैंट नोट करें
पंजाब केसरी, जग बाणी एवं हिन्द समाचार में विज्ञापन एवं सर्कुलेशन संबंधी पूछताछ एवं किसी समस्या के बारे निम्नलिखित नम्बर पर सम्पर्क करें :
0181-2212121
ई-मेल : jagbani@pkesari.in

# चंडीगढ़ केसरी

एयर क्वालिटी इंडैक्स

| | | |
|---|---|---|
| चंडीगढ़ | 111 | ●खराब |
| पंचकूला | 83 | ●अच्छा |
| मोहाली | 134 | ●खराब |

तापमान
अधिकतम 40.0
न्यूनतम 19.4
आज का तापमान लगभग 38 डिग्री रह सकता है।

रविवार SUNDAY, 19 अप्रैल 2026 | सूर्योदय 5.51 | सूर्यास्त 6.52 बादल छाए रहेंगे। | CHANDIGARH KESARI

ADVERTISEMENT

# 22 महीने में 150 एकड़ डिलीवर, एमआईईजेड (MIEZ) ने इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट में बनाया नया रिकॉर्ड




उत्तर भारत में इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अब एक नए दौर में प्रवेश कर रहा है जहां केवल प्लानिंग नहीं, बल्कि तेज़ काम, मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर और तुरंत उपयोग की सुविधा ज्यादा अहम हो गई है। इस बदलते माहौल में मोहाली इंडस्ट्रियल इकोनॉमिक ज़ोन (MIEZ) एक मजबूत उदाहरण बनकर सामने आया है, जो सिर्फ वादे नहीं, बल्कि ज़मीन पर काम करके दिखा रहा है।

टेपला रोड पर स्थित एमआईईजेड (MIEZ) ने महज 22 महीनों में 150 एकड़ इंडस्ट्रियल जमीन का पजेशन दे दिया है। यह तेज़ी सिर्फ बेहतर प्लानिंग का नतीजा नहीं है, बल्कि एक ऐसे तैयार इंडस्ट्रियल माहौल को बनाने की सोच को दिखाता है, जहां कंपनियां बिना देरी के अपना काम शुरू कर सकें।




## मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर बना सबसे बड़ी ताकत

एमआईईजेड (MIEZ) की सबसे बड़ी खासियत इसका हाई-क्वालिटी रोड इंफ्रास्ट्रक्चर है, जिसे खास तौर पर इंडस्ट्रियल इस्तेमाल के लिए तैयार किया गया है।

प्रोजेक्ट में 7 लाख वर्ग फीट से ज्यादा कंक्रीट की सड़कें बनाई गई हैं, जो भारी वाहनों के सुचारू आवागमन के लिए डिजाइन की गई हैं। इन सड़कों की चौड़ाई 100 फीट तक है, जिससे बड़े ट्रकों और मशीनरी की आवाजाही आसान हो जाती है।

इन सड़कों की गुणवत्ता इसे और खास बनाती है। 2.5 फीट गहराई तक बनी इन




सड़कों के नीचे स्टील की मजबूत परत डाली गई है, जिससे उनकी मजबूती और टिकाऊपन बढ़ता है। नेशनल हाईवे के मानकों और एयरस्ट्रिप जैसी क्वालिटी पर बनी ये सड़कें 51 टन तक का भार सहन करने में सक्षम हैं।

जहां ज्यादातर इंडस्ट्रियल एरिया में बिटुमेन (डामर) की सड़कें होती हैं, जो 2-3 साल में खराब हो जाती हैं, वहीं एमआईईजेड (MIEZ) ने कंक्रीट सड़कों पर निवेश किया है, जिनकी उम्र 25-30 साल तक होती है। भले ही इनकी लागत ज्यादा हो, लेकिन यह लंबे समय तक टिकाऊ और कम मेंटेनेंस वाली होती हैं।

## तुरंत काम शुरू करने के लिए तैयार माहौल

एमआईईजेड (MIEZ) की एक और बड़ी खासियत है इसका पूरी तरह से तैयार "प्लग-एंड-प्ले" सिस्टम।यहां बिजली, पानी, ड्रेनेज, स्ट्रीट लाइट और सुरक्षा जैसी सभी जरूरी सुविधाएं पहले से मौजूद हैं। इससे कंपनियां जमीन खरीदते ही अपना काम जल्दी शुरू कर सकती हैं, जिससे समय और लागत दोनों की बचत होती है।

## लोकेशन का मजबूत फायदा

किसी भी इंडस्ट्रियल प्रोजेक्ट की सफलता में कनेक्टिविटी अहम भूमिका निभाती है, और MIEZ इस मामले में भी मजबूत स्थिति में है।यह प्रोजेक्ट एयरपोर्ट




चौक से सिर्फ 20 मिनट की दूरी पर स्थित है और NH-205A से सीधे जुड़ा हुआ है, जिससे क्षेत्रीय कनेक्टिविटी बेहतर होती है। इसके अलावा, भारतमाला कॉरिडोर के पास होने से यह लॉजिस्टिक्स नेटवर्क का भी अहम हिस्सा बनता जा रहा है।इससे सामान की ढुलाई तेज़ होती है, ट्रांजिट टाइम कम होता है और सप्लाई चेन ज्यादा प्रभावी बनती है।

## इंडस्ट्री के साथ अब टाउनशिप का भी विस्तार

एमआईईजेड (MIEZ) अब सिर्फ इंडस्ट्रियल प्रोजेक्ट तक सीमित नहीं है, बल्कि इसे एक इंटीग्रेटेड टाउनशिप के रूप में विकसित किया जा रहा है।यहां 25 एकड़ में एक फाइव-स्टार रिसॉर्ट विकसित किया जाएगा, जहां डेस्टिनेशन वेडिंग, कॉरपोरेट इवेंट्स और बिजनेस स्टे जैसी सुविधाएं मिलेंगी। इसके लिए एक बड़े हॉस्पिटैलिटी ब्रांड के साथ टाई-अप की प्रक्रिया चल रही है।

इसके अलावा, 100 एकड़ में एक प्रीमियम रेजिडेंशियल टाउनशिप भी प्लान की गई है, जहां 1000 वर्ग गज तक के बड़े प्लॉट और आधुनिक सुविधाएं दी जाएंगी। यह खासतौर पर बिजनेस ओनर्स और प्रोफेशनल्स को ध्यान में रखकर तैयार की जाएगी।इस तरह इंडस्ट्री, रहने और लाइफस्टाइल का संतुलन यहां एक ही जगह पर मिलेगा।

## बढ़ती मांग और बाजार की सकारात्मक प्रतिक्रिया

मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर, अच्छी लोकेशन और तेज़ डिलीवरी के चलते एमआईईजेड (MIEZ) में विभिन्न इंडस्ट्रीज की दिलचस्पी तेजी से बढ़ रही है।यह प्रोजेक्ट MSMEs, मिड-साइज कंपनियों और बढ़ते उद्योगों के लिए उपयुक्त है। यहां 500 वर्ग गज से लेकर 5 एकड़ तक के प्लॉट उपलब्ध हैं, जिससे कंपनियां अपनी जरूरत के हिसाब से जगह चुन सकती हैं और भविष्य में विस्तार भी कर सकती हैं।




## भविष्य के लिए तैयार इंडस्ट्रियल हब

आज के दौर में वही प्रोजेक्ट आगे बढ़ते हैं, जो तेज़ी से काम करें, मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर दें और भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखें। एमआईईजेड (MIEZ) इन तीनों पहलुओं पर खरा उतरता है। यह सिर्फ जमीन नहीं, बल्कि एक ऐसा तैयार और भरोसेमंद इंडस्ट्रियल माहौल देता है, जहां बिजनेस आसानी से शुरू होकर आगे बढ़ सकता है।जो कंपनियां और निवेशक एक ऐसे स्थान की तलाश में हैं, जहां सब कुछ पहले से तैयार हो और विकास की पूरी संभावना हो, उनके लिए MIEZ एक मजबूत और सही विकल्प बनकर उभर रहा है।




**Address: Mohali Industrial Economic Zone: Banur-Tepla Road, Mohali, Punjab | 92170 92183**

## न्यूज ब्रीफ

### घरेलू उपकरणों के मूलभूत सिद्धांत विषय पर वर्कशॉप आयोजित

चंडीगढ़, 18 अप्रैल (रश्मि हंस): इलैक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग ने 'घरेलू उपकरणों के मूलभूत सिद्धांत: अवधारणा, कार्यप्रणाली और प्रायोगिक अभ्यास' विषय पर वर्कशॉप का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में 30 स्कूली छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे यह बेहद इंटरएक्टिव और रोचक बन गया। वर्कशॉप का शुभारंभ मुख्यातिथि डॉ. रिन्टू खन्ना की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। इस सत्र का आयोजन डॉ. संदीप कौर और डॉ. सुलता भंडारी द्वारा किया गया, जिन्होंने प्रतिभागियों का हार्दिक स्वागत करते हुए कार्यक्रम के उद्देश्यों और संरचना से अवगत कराया। डॉ. रिंटू खन्ना ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में छात्रों को विद्युत प्रणालियों के प्रति जिज्ञासा विकसित करने और ऊर्जा संरक्षण के महत्व को समझने के लिए प्रेरित किया।

### विद्यालयों में ओलिम्पिक वैल्यूज एजुकेशन प्रोग्राम आयोजित

चंडीगढ़, 18 अप्रैल (लल्लन): ओलिम्पिक वैल्यूज एजुकेशन प्रोग्राम का शहर के सरकारी विद्यालयों में सक्रिय रूप से क्रियान्वयन किया जा रहा है, जिससे विद्यार्थियों के सीखने और सहभागिता के तरीकों में सार्थक परिवर्तन देखने को मिल रहा है। सम्मान, उत्कृष्टता और मित्रता जैसे मूल्यों पर आधारित यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के समग्र विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दैनिक शैक्षणिक गतिविधियों में मूल्यों के समावेश पर बल देता है। इस कार्यक्रम का सफल संचालन अभिनव बिंद्रा फाऊंडेशन ट्रस्ट द्वारा किया जा रहा है, जो वर्तमान में शहर के 108 सरकारी विद्यालयों को कवर कर रहा है।

शिक्षक को अपने दैनिक शिक्षण में समाहित कर रहे हैं, जिससे यह सुनिश्चित हो रहा है कि मूल्य केवल पढ़ाए ही नहीं जा रहे, बल्कि व्यवहार में भी अपनाए जा रहे हैं। विद्यार्थी भी टीम वर्क, अनुशासन और आपसी सम्मान को बढ़ावा देने वाली विभिन्न गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं।

### यू.टी. कर्मचारियों की कन्वैंशन 21 को

चंडीगढ़, 18 अप्रैल (रॉय): इलैक्ट्रिकल वर्कमैन यूनियन की वर्किंग कमेटी की मीटिंग प्रधान किशोरी लाल की अध्यक्षता में सैक्टर-25 में हुई।

बैठक में फैसला लिया गया कि कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ गवर्नमैंट एंड एम.सी. इम्पलाइज एंड वर्कर्स यू.टी. के बैनर तले 21 अप्रैल को यू.टी. कर्मचारियों की कन्वैंशन में बिजली विभाग के 60 कर्मचारी शामिल होंगे। यह फैसला भी लिया कि अधिकारी भ्रष्टाचार के खिलाफ करवाई नहीं करते हैं तो विजीलैंस विभाग को शिकायत करेगी।

### श्रमिक दिवस पर होगी सैक्टर-23 में जनसभा

चंडीगढ़, 18 अप्रैल (रॉय): संयुक्त कर्मचारी मोर्चा, यू.टी. और नगर निगम के बैनर तले विभिन्न फैडरेशनों की बैठक हुई।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस को सैक्टर-23 में विशाल सभा और कार्यक्रम के साथ मनाया जाएगा। इसका उद्देश्य शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करना, चंडीगढ़ प्रशासन और नगर निगम के अधीन कार्यरत नियमित, दैनिक वेतनभोगी, कांट्रैक्ट और आउटसोर्स कर्मचारियों के योगदान को सम्मानित करना है।



गवर्नमैंट होम साइंस कॉलेज सैक्टर-10 चंडीगढ़ में आयोजित 55वां दीक्षांत समारोह आयोजित हुआ, जिसमें स्टूडैंट्स को उनकी उपलब्धियों और डिग्रियां देकर सम्मानित किया गया। (राणा)

पी.जी.आई. में एक महीने का लिवर स्क्रीनिंग कैंप शुरू, हैल्थ वर्कर्स होंगे जांच के दायरे में

# देश में 5 में से 2 वयस्क लिवर की समस्या से हैं प्रभावित

## सॉलिड हैबिट्स से ही मजबूत रहेगा लिवर, पी.जी.आई. डॉक्टरों ने दी 6 जरूरी सलाह

चंडीगढ़, 18 अप्रैल (पाल): तेजी से बढ़ रही लिवर बीमारियों के बीच पी.जी.आई. ने वर्ल्ड लिवर-डे के मौके पर बड़ा कदम उठाया है। संस्थान के हेपेटोलॉजी विभाग ने एक महीने तक चलने वाला



लिवर हैल्थ एजुकेशन और स्क्रीनिंग कैंप शुरू किया है। खास बात यह है कि भारत में हर 5 में से 2 वयस्क किसी न किसी रूप में लिवर की समस्या से प्रभावित हैं, जिससे यह पहल और भी अहम हो जाती है। पी.जी.आई. 19 अप्रैल को वर्ल्ड लिवर डे मनाएगा, जिसका इस साल का थीम सॉलिड हैबिट्स, स्ट्रॉन्ग लिवर रखा गया है। इसका मकसद लोगों को यह समझाना है कि रोजमर्रा की आदतें ही लिवर की सेहत तय करती हैं। हेपेटोलॉजी विभाग के अनुसार यह स्क्रीनिंग कैंप अप्रैल से 14 मई तक चलेगा।

इसमें पी.जी.आई. के हैल्थ केयर वर्कर्स फैकल्टी, रैजिडैंट डॉक्टर, नर्सिंग ऑफिसर्स और टैक्नीशियन की जांच की जाएगी। जांच में हेपेटाइटिस बी और हेपेटाइटिस सी संक्रमण की स्क्रीनिंग के साथ-साथ लिवर में फैट और फाइब्रोसिस की जांच के लिए इलास्टोग्राफी भी की जाएगी।




### लिवर बीमारी साइलैंट, देर से दिखते हैं लक्षण

हेपेटोलॉजी विभाग के हेड प्रो. अजय दुसेजा ने कहा कि लिवर शरीर का सबसे अहम अंग है, जो 500 से ज्यादा जरूरी काम करता है, लेकिन यह साइलेंट सफर भी है। अधिकतर मामलों में बीमारी का पता तब चलता है, जब स्थिति गंभीर हो चुकी होती है। उन्होंने कहा कि अच्छी बात यह है कि लिवर की ज्यादातर बीमारियां पूरी तरह रोकी जा सकती हैं, अगर लोग समय रहते सही लाइफ स्टाइल अपनाएं।

### सप्ताह में कम से कम 150 मिनट फिजिकल एक्टिविटी

एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अर्का डे ने बताया कि मजबूत लिवर के लिए छह मुख्य आदतें जरूरी हैं



संतुलित भोजन, नियमित एक्सरसाइज, शराब से दूरी, समय पर जांच, वैक्सीनेशन और समग्र स्वस्थ जीवनशैली। उन्होंने कहा कि प्रोसेस्ड फूड और ज्यादा शुगर लिवर में फैट बढ़ाने का बड़ा कारण है, जिससे डायबिटीज और हाई बीपी जैसी समस्याएं भी जुड़ती हैं। हेपेटोलॉजी विभाग के एडिशनल प्रोफेसर डॉ. सुनील तनेजा ने कहा कि हर व्यक्ति को सप्ताह में कम से कम 150 मिनट फिजिकल एक्टिविटी करनी चाहिए। इससे लिवर में जमा फैट कम होता है और मेटाबोलिक हैल्थ बेहतर होती है। उन्होंने बताया कि हाल की एक स्टडी में योग को भी मेटाबॉलिक डिसफंक्शन एसोसिएटेड स्टेटोटिक लिवर डिजीज (एम.ए.एस.एल.डी.) मरीजों के लिए फायदेमंद पाया गया है।



### रोजाना या ज्यादा मात्रा में शराब पीना लिवर के लिए बेहद खतरनाक

डॉ. अर्का डे ने साफ कहा कि शराब लिवर सिरोसिस का बड़ा कारण है और इसका कोई सुरक्षित स्तर नहीं है। रोजाना या ज्यादा मात्रा में शराब पीना लिवर के लिए बेहद खतरनाक है। डॉक्टरों के अनुसार चंडीगढ़ और आसपास के राज्यों में अल्कोहल से जुड़ी लिवर बीमारी और वायरल हेपेटाइटिस का बोझ काफी ज्यादा है। इसके अलावा मोटापा और हाई ब्लड शुगर के कारण एम.ए.एस.एल.डी. के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। डॉ. अर्का डे ने कहा कि हैल्थ केयर वर्कर्स में हेपेटाइटिस बी का टीकाकरण और समय-समय पर जांच बेहद जरूरी है, क्योंकि उन्हें काम के दौरान संक्रमण का खतरा रहता है। डॉक्टरों ने कहा कि अगर लोग छोटी-छोटी आदतों को नियमित रूप से अपनाएं, तो लिवर बीमारियों के बढ़ते खतरे को काफी हद तक रोका जा सकता है और समाज को स्वस्थ बनाया जा सकता है।

### मानव मंगल हाई स्कूल ने शैक्षणिक गुणवत्ता का परचम लहराया

चंडीगढ़, 18 अप्रैल (रश्मि हंस): सैक्टर-21 स्थित मानव मंगल हाई स्कूल ने दसवीं परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम हासिल कर एक बार फिर अपनी शैक्षणिक गुणवत्ता का परचम लहराया है। स्कूल के होनहार छात्र अंश चौधरी ने 99.2 प्रतिशत अंक, जबकि समृद्धि राय ने 98.4 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।

अंश चौधरी ने सफलता का श्रेय शिक्षकों के मार्गदर्शन, अनुशासन और परिवार के सहयोग को दिया। स्कूल के कुल 36 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। इनमें 11 छात्रों ने 97 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त कर उत्कृष्टता की नई मिसाल पेश की, वहीं 18 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर स्कूल का नाम रोशन किया। स्कूल के निदेशक संजय सरदाना ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों की लगन और अभिभावकों के निरंतर सहयोग का परिणाम है। उन्होंने सभी छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### जन्मदिन मुबारक



आयुष



आराध्या

### बंधन प्यार का



सुरिंदर दुग्गल संग कुसम।

क्या आप अपने बच्चे के जन्मदिन, वर्षगांठ, अपनी शादी की फोटो एवं अपने परिवार के साथ सैल्फी समाचार पत्र में प्रकाशित करवाना चाहते हैं? हमें भेजें, हम ये फ्री प्रकाशित करेंगे।
9814825151, 7837580073

फोटों के साथ पूरा पता तथा मोबाइल नंबर भी लिखें। बच्चों की फोटो के साथ माता-पिता का नाम जरूर लिखें। फोटो नीचे लिखे नंबर पर भेजी जाए।

whatsapp
7837580071

### पब्लिक हैल्थ कोर्स में आवेदन करने की आखिरी तिथि 26 मई

चंडीगढ़, 18 अप्रैल (रश्मि हंस): पंजाब यूनिवर्सिटी (पी.यू.) में चल रहे पब्लिक हैल्थ कोर्स में आवेदन करने की आखिरी तिथी 26 मई है, जबकि इसमें दाखिले के लिए एंट्रैंस टैस्ट 17 जून है। कोर्स में साइंस ग्रैजुएट करने वालों की ही दाखिला मिल पाता है।

हालांकि इस कोर्स में बी.बी.एस., बी.डी.एस., बी.ए.एम.एस., बी.एच.एम.एस., बी.वी.एस.सी. नर्सिंग, लाइफ साइंसिज, बॉयोलॉजिकल साइंसिज में 50 फीसदी व अन्य क्षेत्रों के कई डॉक्टर भी इस कोर्स को करते हैं। विभाग से पढ़ाई करने वाले स्टूडैंट को अच्छे पैकेजिस भी मिल जाते हैं।

विभाग में जनरल 25 सीटें है, जबकि एन.आर.आई. व फोरेन नैशनल स्टूडैंट की सीटें अलग से हैं। विभाग के पास सीटों से 5-6 गुना आवेदन हर वर्ष पहुंच जाते है। विभाग के चेयरपर्सन डा. मनोज ने बताया कि विभाग से पब्लिक हैल्थ की पढ़ाई कर चुके स्टूडैंट डब्ल्यू.एस.ओ., यू.एन. एजेंसीज, मिनिस्टरीज ऑफ हैल्थ एंड फैमिली वैल्फेयर, नैशनल हैल्थ मिशन, निती-आयोग, आई.सी.एम.ए.आर. में काम कर रहे हैं व कई स्टूडैंट राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर के स्वास्थ्य सिस्ट्म और एन.जी.ओ. के साथ अच्छे स्तर पर काम कर रहे हैं।

### पी.एन.बी. ने आयोजित किया मैगा रिटेल आउटरीच कार्यक्रम



कार्यक्रम के दौरान मौजूद अधिकारी।

चंडीगढ़, 18 अप्रैल (स.ह.): चंडीगढ़ मंडल द्वारा रिटेल कार्यक्रम का आयोजन होटल पार्क व्यू चंडीगढ़ में किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्रधान कार्यालय से मुख्य महाप्रबंधक प्रवीण गोयल ने की। इस अवसर पर मुख्यातिथि के तौर पर अनुराधा चगती, सचिव- समाज कल्याण और महिला एवं बाल विकास चंडीगढ़ शामिल हुए। कार्यक्रम में अंचल प्रबंधक आशीष चतुर्वेदी एवं मंडल प्रमुख सजीव कुमार झा विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में 150 से अधिक ग्राहकों ने भाग लिया। मुख्य महाप्रबंधक प्रवीण गोयल ने कहा कि बैंक आज के इस आउटरीच कार्यक्रम के माध्यम से अधिक से अधिक ग्राहकों तक पहुंचना चाहता है ताकि बैंक की लाभकारी योजनाओं को आप तक पहुंचाया जाए। प्रत्येक ग्राहक इन योजनाओं का लाभ उठा कर घर और कार का सपना पूरा करने के साथ साथ शिक्षा एवं व्यक्तिगत ऋण की भी आवश्यकता पूरी कर सके। उन्होंने ग्राहकों से डिजिटल फ्रॉड से भी बचने का आग्रह किया।

मुख्य अतिथि अनुराधा चगती ने पीएनबी द्वारा ग्राहकों के कल्याण हेतु किए जा रहे कार्यों की सराहना की। चंडीगढ़ अंचल प्रबंधक आशीष चतुर्वेदी ने ग्राहकों को सर्वोत्तम बैंकिंग सेवाओं के लिए आश्वस्त किया और बैंक की रिटेल योजनाओं को भी रेखांकित किया।

### जी.सी.सी. स्कूल और पी.यू.सी.ए. ने आयोजित की लीडरशिप मीट



चंडीगढ़, 18 अप्रैल (स.ह.): केसी ग्लोबऐड की एक पहल जी.सी.सी. स्कूल ने पंजाब अनएडेड कॉलेजेज एसोसिएशन (पी.यू.सी.ए.) के सहयोग से पी.एचडी. चैम्बर चंडीगढ़ में प्रेस सम्मेलन का आयोजन किया, जिसका विषय था 'फ्रॉम कैंपस टू कॉर्पोरेट: क्रिएटिंग ग्लोबल फाइनैंशियल लीडर्स'।

यह सम्मेलन अकादमिक, सरकार एवं उद्योग जगत के मुख्य प्रतिनिधियों को एक मंच पर लाया। शाम को लीडरशिप मीट आयोजित की गई, जहां पंजाब सरकार के वित्त मंत्री एस. हरपाल सिंह चीमा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। कॉमर्स के 15 से अधिक अध्यापकों को क्षेत्र में उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए मंत्री एस. हरपाल सिंह चीमा द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पंजाब से 100 से अधिक अकादमिक लीडरों ने भी हिस्सा लिया। जी.सी.सी. स्कूल डॉ. कमल छाबड़ा के दिमाग की उपज है, जो इंटरनैशनल फाइनैंस शिक्षा के जाने-माने नाम तथा केसी ग्लोबऐड के संस्थापक एवं सी.ई.ओ. हैं। जी.सी.सी. स्कूल के साथ डॉ छाबड़ा ने इस दृष्टिकोण को आगे बढ़ाते हुए ऐसा मार्ग प्रशस्त किया है जो शिक्षा को सीधे ग्लोबल केपेबिलिटी सेंटरों एवं मल्टीनेशनल संगठनों में रोज़गार के अवसरों के साथ जोड़ता है। प्रोफेसर (डॉ) मनप्रीत एस. मन्ना, एक्ज़क्टिव डायरैक्टर, जी.सी.सी. स्कूल एवं पूर्व निदेशक ए.आई.सी.टी.ई. ने मॉडल के उद्योग-उन्मुख दृष्टिकोण पर अपने विचार रखे। अंशु कटारिया, प्रेज़ीडेन्ट, पीयूसीए एवं चेयरमैन, आर्या ग्रुप ऑफ कॉलेजेज़ ने कहा, 'आज के कॉलेज छात्रों में करियर के परिणामों को बेहतर बनाने पर ध्यान देते हैं और इस तरह की साझेदारियां विश्वस्तरीय अवसरों के मार्ग खोलती हैं।

### पी.यू. में हाईटैक सिक्योरिटी सिस्टम : फैकल्टी और डेली वेजर्स के बनाए जा रहे स्मार्ट कार्ड

#### गेट के डिवाइस से पूरी तरह होंगे कनेक्टिड, कैंपस के विभिन्न गेट्स पर लगेंगी 8 डिवाइस, खरीदने चल रही प्रक्रिया, जल्द होंगी इंस्टॉल

चंडीगढ़, 18 अप्रैल (रश्मि हंस): पंजाब यूनिवर्सिटी (पी.यू.) की फैकल्टी व डेली वेजर्स कर्मचारियों के लिए रेडियों फ्रीक्वैंसी अईडैंटिफिकेशन (आर.एफ.आई.डी.) पर आधारित बन रहे स्मार्ट कार्ड पी.यू. के गेट पर लगे डिवाइस से पूरी तरह से कनैक्ट रहेंगे। कैंपस के विभिन्न गेट्स पर 8 डिवाइस कैंपस में लगाए जाएंगे। इन डिवाइस को पी.यू. प्रबंधन की ओर से खरीदने की प्रक्रिया चल रही है, जिन्हें जल्द ही कैंपस में इंस्टॉल कर दिया जाएगा।

इन कार्ड को तैयार करने के लिए शिक्षकों व अन्य कर्मचारियों के आवेदन फार्म भरवाकर जमा



किए गए हैं।

इन कार्ड पर क्यू.आर. कोड होगा, जिससे स्कैन हो सकेगा। वहीं साथ ही कार्ड में एक चिप भी लगी रहेगी, जो पी.यू. के गेट पर लगी डिवाइस से पूरी तरह से कनैक्टिड रहेगी। ऐसे में कर्मचारी जब डिवाइस की रेंज में होंगे तो वह चिप भी शो करेगी।

चिप में कर्मचारियों व फैकल्टी मैंबर्स से जुड़ी बेसिक जानकारियां और ब्लॅड ग्रुप की जानकारी और सर्विस रिकार्ड भी रहेगा। फैकल्टी व नॉन-टीचिंग के लिए बनाए जाने वाले स्मार्ट कार्ड लाल रंग के होंगे, जबकि डेली वेर्जस के लिए यह पीले रंगे के होंगे।

#### प्रबंधन 5 माह पहले ही स्मार्ट आई.डी. कार्ड बनाने की कर चुका है घोषणा

ध्यान रहे कि पी.यू. के कम्प्यूटर सैंटर की ओर से स्मार्ट आई.डी. कार्ड बनाने का प्रोजैक्ट तैयार किया गया है। इसकी घषोणा पी.यू. प्रबंधन पहले करीब चार -पांच माह पहले कर चुका है। इस पर काम चल रहा है। पहले फेज में प्रोजैक्ट के तौर पर पी.यू. की फैकल्टी, नॉन-टीचिंग व डेलीवेजर्स के कार्ड बनाए जाएंगे। बाद में यह कार्ड एम.टी.एस. कर्मचारियों के लिए भी बनाए जाएंगे। इस संबंध में पी.यू. की कम्प्यूटर सैंटर की सोनल चावला ने बताया कि स्मार्ट कार्ड तैयार करने के लिए जल्द ही डिवाइस को खरीदा जाएगा।

### सु-डोकू-8219

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | 7 | | | 8 | |
| | | 2 | | | | | | 6 |
| | 9 | | 3 | | | 4 | | |
| 7 | | | | | 9 | 3 | | 2 |
| | 5 | | | 6 | | | 1 | |
| 6 | | 3 | 8 | | | | | 4 |
| | | 6 | | | 2 | | 5 | |
| 2 | | | | | | 8 | | |
| 1 | | | | 5 | 8 | | | |

आड़े, खड़े व 3×3 के वर्ग में 1 से 9 तक के अंक इस प्रकार भरें कि किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो। पहेली के एक से अधिक हल हो सकते हैं।

सु-डोकू-8218 का उत्तर

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 3 | 4 | 8 | 2 | 7 | 9 | 5 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 1 | 6 | 3 | 8 | 2 |
| 8 | 2 | 7 | 9 | 3 | 5 | 6 | 1 | 4 |
| 7 | 5 | 8 | 6 | 4 | 9 | 2 | 3 | 1 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 8 | 4 | 7 | 9 |
| 4 | 1 | 9 | 3 | 2 | 7 | 8 | 5 | 6 |
| 2 | 8 | 6 | 5 | 9 | 3 | 1 | 4 | 7 |
| 3 | 4 | 5 | 2 | 7 | 1 | 9 | 6 | 8 |
| 9 | 7 | 1 | 8 | 6 | 4 | 5 | 2 | 3 |



कथा सुनते श्रद्धालु।

### श्रीमद्भागवत कथा का हुआ भव्य विश्राम

चंडीगढ़, 18 अप्रैल (मीनाक्षी): सर्कस ग्राऊंड सैक्टर-17, चंडीगढ़ में आयोजित 7 दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आज



भव्य विश्राम हुआ। यह कथा पुंडरीक गोस्वामी द्वारा कही गई, और इसे तेजस्विनी फाऊंडेशन पंचकूला और गौरी शंकर सेवादल गौशाला द्वारा आयोजित किया गया था। कथा विश्राम दिवस पर भी पंडाल में भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे, जिन्होंने कथा का श्रवण कर इसे यादगार बना दिया। पुंडरीक गोस्वामी ने कथा में हमारी सनातन संस्कृति की गूढ़ बातों को उजागर किया, जिन्हें हम अक्सर नजरअंदाज कर देते हैं।

तेजस्विनी फाऊंडेशन की फाऊंडर हर्ष शर्मा ने बताया की इस पावन कथा में शहरवासियों ने उमंग और श्रद्धा से भाग लिया, जिससे शहर में भक्ति की एक अद्भुत लहर दौड़ी। कथा का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशों से दूर रखना और भक्ति के मार्ग से जोडऩा था, साथ ही गौरी शंकर सेवादल गौशाला का नारा 'एक घर, एक पेड़, एक घर, एक गौ' लोगों के दिलों में घर कर गया। निमाई पाठशाला के ब'चों ने भी इस पूरे आयोजन में उत्साह से भाग लिया, और पंडाल की हर व्यवस्था में अपना भरपूर समर्थन दिया। गौरी शंकर सेवादल गौशाला से विनोद शर्मा ने बताया कि शहरवासियों ने पूरे 7 दिन इस कथा में श्रद्धा से भाग लिया।

पी.जी.आई. के रेडियोथैरेपी कैडर में आरक्षण रोस्टर पर सवाल

# वैकेंसी बेस्ड सिस्टम अपनाने, कैडर बदलाव और पद संरचना में गड़बड़ी के आरोप, जांच की मांग

चंडीगढ़, 18 अप्रैल (पाल): पी.जी.आई. के रेडियोथैरेपी तकनीकी कैडर में आरक्षण रोस्टर, कैडर मैनेजमैंट और पद संरचना को लेकर गंभीर सवाल खड़े हुए हैं। इस संबंध में प्रशासन से जांच और सुधारात्मक कार्रवाई की मांग की गई है। शिकायत में कहा गया है कि विभाग में पोस्ट-बेस्ड रोस्टर की बजाय वैकेंसी-बेस्ड सिस्टम अपनाया जा रहा है, जो सुप्रीम कोर्ट के फैसले आर.के. सभरवाल बनाम स्टेट ऑफ पंजाब के विपरीत है।

नियमों के अनुसार रोस्टर पोस्ट के आधार पर होना चाहिए, लेकिन यहां वैकेंसी के आधार पर प्रक्रिया अपनाने का आरोप लगाया गया है। इसके अलावा यह भी आरोप है कि अनारक्षित (यू.आर.) पदों को आरक्षित वर्ग में गिनने से कैडर में आरक्षित वर्ग का जरूरत से ज्यादा प्रतिनिधित्व हो रहा है। शिकायतकर्त्ताओं का कहना है कि इससे कैडर का संतुलन बिगड़ रहा है और भर्ती प्रक्रिया की पारदर्शिता पर भी सवाल उठ रहे हैं। इस मामले में कुछ आरक्षित पदों को लंबे समय तक खाली या ब्लॉक रखे जाने पर भी सवाल उठाए गए हैं। बताया गया है कि कुछ पद करीब 12 वर्षों तक लंबित रखे गए, जिससे एक विशेष वर्ग को लाभ पहुंचाने की कोशिश की गई। जबकि नियमों के अनुसार, लंबे समय तक खाली रहने पर ऐसे पदों को डी-रिजर्व किया जाना चाहिए।



#### छोटे कैडर नियम पर भी सवाल

शिकायत में यह भी कहा गया है कि छोटे कैडर में पर्याप्त पद संख्या न होने के बावजूद आरक्षण लागू किया जा रहा है, जो न्यायालय के स्थापित सिद्धांतों के खिलाफ है। छोटे कैडर में आरक्षण लागू करने के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश हैं, जिनका पालन नहीं किया जा रहा। इस मामले का एक अहम पहलू यह भी है कि रेडियोथेरेपी कैडर में शामिल कई वरिष्ठ तकनीकी सहायक मूल रूप से रेडियोलॉजी कैडर से जुड़े बताए जा रहे हैं। आरोप है कि इन्हें बिना विधिसम्मत प्रक्रिया के रेडियोथेरेपी कैडर में शामिल कर लिया गया। इसके साथ ही यह भी कहा गया है कि अगर इन कर्मचारियों को रेडियोथेरेपी कैडर में शामिल किया गया है, तो कुल स्वीकृत पदों में उसी अनुपात में बढ़ोतरी और पद संरचना में संशोधन होना चाहिए था, जो नहीं किया गया।

#### प्रभाकर कमेटी की सिफारिशों की अनदेखी

शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि प्रभाकर कमेटी की सिफारिशों का पालन नहीं किया गया। कमेटी के अनुसार यदि कुल पदों की संख्या बढ़ती है तो पदानुक्रम के अन्य पदों में भी उसी अनुपात में वृद्धि की जानी चाहिए। लेकिन यहां ऐसा नहीं किया गया, जिससे कैडर संतुलन प्रभावित हुआ है। इस मामले में सुधार के लिए दो विकल्प सुझाए गए हैं। पहला-संबंधित कर्मचारियों को उनके मूल रेडियोलॉजी कैडर में ही गिना जाए। दूसरा-पहली मार्च, 1992 से अन्य कैडर के सभी अतिरिक्त पदों को रेडियोथेरेपी कैडर की कुल स्वीकृत पद संख्या में जोड़कर, प्रभाकर कमेटी की सिफारिशों के अनुसार समायोजित किया जाए।

इसके अलावा एम. नागराज बनाम यूनियन ऑफ इंडिया मामले का हवाला देते हुए कहा गया है कि पदोन्नति में आरक्षण लागू करने से पहले जरूरी मात्रात्मक आंकड़ों का मूल्यांकन किया जाना चाहिए। शिकायतकर्ताओं ने इस प्रक्रिया पर भी सवाल उठाए हैं।

### आज का राशिफल

19 अप्रैल 2026, रविवार

वैशाख शुक्ल तिथि द्वितीया (प्रात: 10.50 तक) तथा तदोपरांत तिथि तृतीया। सूर्योदय समय ग्रहों की स्थिति :-

**सूर्य** मेष में, **चन्द्रमा** मेष में, **मंगल** मीन में
**बुध** मीन में, **गुरु** मिथुन में, **शुक्र** मेष में
**शनि** मीन में, **राहू** कुंभ में, **केतु** सिंह में




विक्रमी सम्वत् : 2083, वैशाख प्रविष्टे 6, राष्ट्रीय शक सम्वत् 1948, दिनांक: 29 (चैत्र), हिजरी साल 1447, महीना जिल्काद, तारीख 1, सूर्योदय: प्रात: 5.59 बजे, सूर्यास्त: सायं 6.55 बजे (जालंधर टाइम), नक्षत्र : भरणी (प्रात: 7.10 तक) तथा तदोपरांत नक्षत्र कृतिका, योग: आयुष्मान (रात 8.02 तक) तथा तदोपरांत योग सौभाग्य, चंद्रमा: मेष राशि पर (दोपहर 12.31 तक) तथा तदोपरांत वृष राशि पर प्रवेश करेगा। दिशा शूल : पश्चिम एवं नैर्ऋत्य दिशा के लिए, राहू काल : सायं साढ़े चार से छह बजे तक। पर्व, दिवस तथा त्यौहार: भगवान परशुराम जन्मोत्सव, छत्रपति श्री शिवाजी महाराज जयंती, अक्षय तृतीया।
**पं. असुरारि नंद शांडिल्य ज्योतिष रिसर्च सैंटर, 381, मोता सिंह नगर, जालंधर।**

**मेष** : कारोबारी दशा बेहतर, कारोबारी टूरिंग भी फ्रूटफुल रहेगी, आम हालात भी बेहतर बनेंगे, मगर दोपहर तक गले में खराबी का डर।

**वृष**: सितारा दोपहर तक नुकसान वाला, खर्चों का जोर भी रहेगा, मगर बाद में हर फ्रंट पर बेहतरी होगी, कामयाबी मिलेगी।

**मिथुन**: सितारा दोपहर तक धन लाभ देने तथा कारोबारी प्रोग्रामों को संवारने वाला, मगर बाद में विपरीत हालात बन सकते हैं।

**कर्क**: सितारा दोपहर तक कामयाबी देने, इज्जत-मान बढ़ाने तथा दुश्मनों को कमजोर रखने वाला, फिर बाद में अर्थ दशा बेहतर बनेगी।


फ्री में दिखाएं अपनी कुंडली...
KundliTV By Punjab Kesari
https://www.facebook.com/KundliTv
https://www.youtube.com/c/KundliTv
रोजाना दोपहर 1 बजे | फेसबुक और यू ट्यूब पेज पर...


**सिंह** : आम सितारा मजबूत जो हर फ्रंट पर आपको कदम को बढ़त की तरफ रखेगा, मगर पेट के प्रति अटैंटिव रहना सही रहेगा।

**कन्या** : सितारा दोपहर तक पेट के लिए ढीला, मर्यादित खान-पान करना सही रहेगा, मगर बाद में हर मोर्चा पर बेहतरी होगी।

**तुला**: सितारा दोपहर तक अर्थ दशा ठीक रखेगा, मान-सम्मान भी देगा, मगर बाद में प्रतिकूल हालात बनेंगे।

**वृश्चिक**: सितारा दोपहर तक मन को अशांत तथा डावांडोल रखने वाला, मगर बाद में हर फ्रंट पर बेहतरी होगी।

**धनु** : सितारा दोपहर तक बेहतर, इरादों में मजबूती मगर बाद में किसी न किसी कम्प्लीकेशन के साथ वास्ता रहेगा।

**मकर**: सितारा दोपहर तक जायदादी कामों के लिए अच्छा, फिर बाद में कोई रुका पड़ा काम सुलझ सकता है।

**कुंभ**: सितारा दोपहर तक कामकाजी व्यस्तता तथा भागदौड़ रखेगा, फिर बाद में हर फ्रंट पर बेहतरी होगी।

**मीन** : सितारा दोपहर तक कामकाजी काम संवारने वाला होगा, फिर बाद में आपका मनोबल तथा पैठ बढ़ेगी।

### देसी पिस्टल के साथ गिरफ्तार

चंडीगढ़, 18 अप्रैल (सुशील राज): आपराधिक वारदात को अंजाम देने के लिए घूम रहे युवक को क्राइम ब्रांच ने अवैध हथियार के साथ धनास लेक पर दबोच लिया। आरोपी की पहचान डड्डुमाजरा निवासी प्रेम गुप्ता उर्फ गंजा के रूप में हुई। तलाशी के दौरान आरोपी के पास देसी पिस्टल और दो कारतूस बरामद हुए। क्राइम ब्रांच ने आर्म्स एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया। जिला अदालत ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

### सैक्टर-27/ 28 लाइट प्वाइंट पर सड़क हादसे में एक्टिवा सवार की मौत

चंडीगढ़, 18 अप्रैल (सुशील राज): सैक्टर-27/ 28 लाइट प्वाइंट पर ई-रिक्शा चालक ने एक्टिवा सवार को टक्कर मार दी। पुलिस घायल को जी.एम.सी.एच.-32 ले गई, जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान बापूधाम निवासी 65 वर्षीय हनीफ अहमद के रूप में हुई। सैक्टर-26 थाना पुलिस ने ई-रिक्शा जब्त कर चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया।

# देश का पांचवां और चंडीगढ़ का दूसरा मामला, जॉम्बी ड्रग्स ने बढ़ाई चिंता!

## नशे की हालत में आधा घंटे खड़ा रहा युवक, वीडियो वायरल

चंडीगढ़, 18 अप्रैल (सुशील राज): एक बार फिर सड़क पर सुन खड़े युवक का वीडियो वायरल हुआ। इससे पहले मार्च माह में डिलीवरी ब्वॉय का ऐसा ही वीडियो वायरल हुआ था। अब तक देश में ऐसे 5 वीडियो वायरल हो चुके हैं, जिसमें व्यक्ति सुन हालत में खड़ा मिला। वायरल वीडियो देख लोग जॉम्बी ड्रग को लेकर चिंता जताने लगे हैं।

चंडीगढ़ में यह दूसरा मामला है। ताजा मामले में धनास में एक युवक नशे की हालत में बिना हिले-डुले करीब 30 मिनट तक खड़ा रहा। उसके हाथ में बीड़ी पकड़ी थी। आंखें बंद और मुंह खुला हुआ है। उसके आसपास कुछ लोग भी बैठे थे। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। वीडियो देख सांगरपुर थाना पुलिस हरकत में आई और जांच करने में जुट गई। करीब 22 सैकेंड के वीडियो में युवक सड़क किनारे फुटपाथ पर खड़ा है। उसके आसपास 10 से 15 लोग बैठे हैं और कुछ वहां से गुजर भी रहे हैं। युवक की आंखें बंद और मुंह खुला हुआ है। एक हाथ में बीड़ी है, लेकिन शरीर में कोई मूवमैंट नहीं है।

स्थानीय निवासी दीपक कुमार ने बताया कि यह वीडियो जिस जगह का है, वह सड़क चंडीगढ़ को न्यू चंडीगढ़ के साथ जोड़ती है, जिस कारण वाहनों की आवाजाही भी काफी ज्यादा रहती है। फिर भी इस तरह नशे की हालत में वहां पर युवक खड़ा है और पुलिस की तरफ से कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

सारंगपुर थाना प्रभारी इंस्पैक्टर अशोक का कहना है कि यह वीडियो उनके संज्ञान में आया है। युवक की पहचान की जा रही है। इस बारे में आसपास के लोगों से भी पूछताछ की गई है।



वायरल वीडियो से लिया फोटो।

### जॉम्बी ड्रग्स के बाद होने वाले प्रभाव

- सांस धीमी हो जाती है, दिल की धड़कन कम हो जाती है और मसल्स पूरी तरह ढीले पड़ जाते हैं।
- व्यक्ति घंटों तक 'फ्रीज' होकर खड़ा या बैठा रह जाता है, यानी आंखें खुली, लेकिन कोई रिएक्शन नहीं।
- लंबे इस्तेमाल के कारण त्वचा सड़ने लगती है, घाव भी बन जाते हैं।
- ओवरडोज होने से सांस बंद होकर मौत भी हो सकती है।
- ओवरडोज की दवा नेलोग्जोन भी इस पर पूरा असर नहीं करती है।
- चंडीगढ़ के दोनों मामलों में ऐसे लक्षण देखने को मिले।

लगभग एक माह पहले मार्च माह में आया था पहला केस सामने

## डिलीवरी ब्वॉय घंटों खड़ा रहा था



डिलीवरी ब्वॉय का वीडियो वायरल।

सैक्टर-33 के रिहायशी इलाके में एक डिलीवरी बॉय नशे की हालत में सड़क पर खड़ा था। राहगीरों और आसपास के लोगों ने देखा कि युवक ठीक से खड़ा भी नहीं हो पा रहा था। उसकी हालत देखकर लोगों को शक हुआ कि वह नशे में है। इसके बाद इलाके के लोगों ने पुलिस को सूचित किया। पुलिस स्टेशन-34 के थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सतिंदर ने बताया कि सेक्टर-33 से कॉल मिली थी कि एक डिलीवरी बॉय नशे की हालत में काफी देर से खड़ा है और चलने में असमर्थ है। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और उसे थाने ले आए। पुलिस के मुताबिक युवक ने किसी के साथ कोई बदसलूकी नहीं की थी। पूछताछ के बाद उसका नाम-पता दर्ज किया गया और आगे के लिए चेतावनी देकर छोड़ दिया गया। इसके बाद वह खुद ही थाने से चला गया।

### भारत में अभी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं

**चंडीगढ़** में मार्च माह में पहला केस आने के बाद वीडियो वायरल हुआ। इसके बाद अप्रैल माह में ही बैंगलुरु, बिहार और महाराष्ट्र में भी ऐसे मामले सामने आ चुके हैं। हालांकि अभी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है कि जॉम्बी ड्रग फैला है, लेकिन वीडियो देखकर लोग उसी से जोड़ रहे हैं। चंडीगढ़ वाला केस अभी तक अकेला वायरल केस है। कोई बड़ा आउटब्रेक या लैब कन्फर्मेशन नहीं हुआ है। यह 2 घंटे में इंसान को पुतला बना देता है और मौत के दरवाजे तक पहुंचा देता है।

#### जॉम्बी ड्रग को लेकर चर्चा ?

जॉम्बी ड्रग नया कैमिकल नहीं है, बल्कि पशुओं की दवा में प्रयोग होने वाले जायलाजीन को बहुत पावरफुल ऑपियोइड फैंटानिल के साथ मिलाकर बनाया गया मिश्रण है। जायलाजीन असल में जानवरों को शांत करने के लिए इस्तेमाल होती है, लेकिन ड्रग्स में मिलाकर बेचा जा रहा है।

चंडीगढ़ पुलिस की फुर्ती: बी-1 टैस्ट के खिलाफ हाइकोर्ट और कैट गए थे कांस्टेबल

# रात साढ़े 10 बजे परिणाम, सुबह 8 बजे मैडीकल, आज शाम 5 बजे कोर्स की रिपोर्टिंग को बुलाया

चंडीगढ़, 18 अप्रैल (सुशील राज): चंडीगढ़ पुलिस ने आखिरकार शुक्रवार रात लगभग साढ़े 10 बजे बी-1 टैस्ट का परिणाम घोषित कर दिया। इसके बाद आनन फानन में टैस्ट पास करने वाले 50 जवानों को शनिवार सुबह 8 बजे मैडीकल के लिए बुलाया गया। सैक्टर-26 पुलिस लाइन अस्पताल में 50 में से सिर्फ 38 पुलिस जवानों का मैडीकल हुआ। एस.पी. हैडक्वार्टर मंजीत ने मैडीकल में पास होने वाले जवानों को रविवार शाम पांच बजे सैक्टर-26 पुलिस ट्रेनिग सैंटर में रिपोर्ट करने के आदेश जारी कर दिए।

सूत्रों के अनुसार रविवार को ट्रेनिंग सैंटर में इसलिए बुलाया है, ताकि टैस्ट के खिलाफ जवान पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट में याचिका दाखिल न कर सकें। सोमवार को पुलिसकर्मी कैट के फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर कर सकेंगे। पुलिस जवानों का कहना है कि चंडीगढ़ पुलिस ने बी-1 टैस्ट की




नोटिफिकेशन में उम्र का जिक्र नहीं किया था। नियमों के हिसाब से 35 साल से ज्यादा उम्र के जवान टैस्ट नहीं दे सकते हैं।

चंडीगढ़ पुलिस ने पहली बार 1988 में बी-1 टैस्ट लिया था, जिसमें करीब दस से ज्यादा कांस्टेबल ने प्रोमोशन हासिल की थी। उस समय वी-1 टैस्ट देने वाले जवान इंस्पैक्टर पद से रिटायर्ड हुए थे।

### हैड कांस्टेबल के 482 पद खाली

चंडीगढ़ पुलिस में अभी तक वरिष्ठता के आधार पर प्रोमोशन होती रही है। 2008-2009 और आई.आर.बी. के जवानों ने बी-1 टैस्ट का विरोध करते हुए कैट में याचिका डाली थी। याचिका में कहा कि बी-1 टैस्ट होने से वे प्रोमोशन में पीछे चले जाएंगे। बी-1 टैस्ट के खिलाफ कई सालों से विरोध चला रहा था, लेकिन आखिरकार चंडीगढ़ पुलिस के अफसरों ने रिजल्ट घोषित कर दिया।

वहीं, चंडीगढ़ पुलिस विभाग में इस समय हैड कांस्टेबल की 482 पद खाली हैं। कांस्टेबलों की प्रोमोशन 70 प्रतिशत वरिष्ठता, 25 प्रतिशत बी-1 टैस्ट और पांच प्रतिशत खेल कोटे के तहत करना चाहता है।

### 945 जवानों का रिजल्ट जारी

चंडीगढ़ पुलिस ने बी-1 टैस्ट का रिजल्ट शुक्रवार रात जारी किया, जिसमें 945 कांस्टेबल पास हुए हैं। पुलिस विभाग सूची में पहले 50 जवानों को कोर्स पर भेज रहा है। रिजल्ट में सबसे ज्यादा 2019 बैंच के कांस्टेबल पास हुए हैं।

# नशा तस्करों ने पुलिस के साथ की हाथापाई, वर्दी भी फाड़ी, 4 गिरफ्तार

### 83 ग्राम हैरोइन और 15000 हजार ड्रग मनी बरामद



वायरल वीडियो में पुलिस कर्मचारी कार के बोनट पर आरोपी को पीटते हुए।

खरड़, 18 अप्रैल (गगनदीप): खरड़ सदर पुलिस ने 83 ग्राम हैरोइन समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास 15000 हजार की ड्रग मनी भी बरामद की है। खरड़ सदर पुलिस के इंचार्ज गुरप्रीत सिंह ने बताया की टीम गश्त पर थी। इस दौरान लांडरां रोड पर जे.टी.पी.एल. सोसायटी के गेट पर दो कार में सवार तीन से चार लोग बहसबाजी कर रहे थे। पुलिस ने जब करीब जाकर पूछताछ की तो उनमें से एक कार सवार ने कार पुलिस पर चढ़ा दी। पुलिस कर्मचारियों ने किसी तरह अपने आप को बचाया।

इसी बीच एक वरना कार सोसायटी में घुस गई। जिसका पीछा करते हुए पुलिस भी पीछे पहुंची। पुलिस ने कार में सवार युवक को बाहर निकालने की कोशिश की तो वह हाथापाई करने लगा और पुलिस कर्मचारियों की वर्दी फट गई। पुलिस ने दूसरी आल्टो कार को भी कब्जे में लेकर सवार चार लोगों को हिरासत में लिया। जब उनकी तलाशी लेने पर 83 ग्राम हैरोइन बरामद हुई। इनमें से एक आरोपी हरविंदर सिंह के पास से 15000 हजार की ड्रग मनी भी बरामद हुई।

खरड़ सदर पुलिस ने चारों आरोपियों अमनप्रीत सिंह निवासी गांव नगल फैजगढ़, अमनदीप सिंह निवासी गांव खूनी माजरा, हरविंदर सिंह निवासी गांव संते माजरा, तथा मनदीप सिंह निवासी गांव संते माजरा के खिलाफ एन.डी.पी.एस. एक्ट के अधीन मामला दर्ज कर लिया है।

पूर्व मंत्री संदीप सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न मामला

# पीड़िता ने रेप के प्रयास की धारा जोड़ने को लेकर अर्जी की दायर

चंडीगढ़, 18 अप्रैल (परीक्षित सिंह): हरियाणा के पूर्व खेल मंत्री संदीप सिंह से जुड़े कथित यौन उत्पीड़न मामले में अभियोजन पक्ष ने तय आरोप में संशोधन की मांग करते हुए रेप के प्रयास की धारा जोड़े जाने को लेकर अर्जी दायर की है।



शनिवार को चीफ ज्युडिशियल मैजिस्ट्रेट (सी.जे.एम.) की कोर्ट में सुनवाई हुई। दायर अर्जी में अभियोजन पक्ष ने अदालत से केस में 376/511 की धाराएं जोड़ने की मांग की है। अगली सुनवाई के लिए 29 अप्रैल की तिथि तय की गई है। इसमें बचाव पक्ष अर्जी पर जवाब दायर किए जाने के साथ बहस कर सकता है।

शिकायतकर्ता जूनियर महिला हॉकी कोच के वकील समीर सेठी के अनुसार अर्जी के बाद ही क्रॉस एग्जामिनेशन हो सकेगा। क्रॉस एग्जामिनेशन बचाव पक्ष की ओर से किया जाएगा। वहीं, पिछली सुनवाई के दौरान पीड़िता का एग्जामिनेशन-इन-चीफ पूरा हो गया था। दोनों तारीखों पर एग्जामिनेशन-इन-चीफ में पीड़िता अपने बयान पर कायम रही थी। संभव है कि एग्जामिनेशन-इन-चीफ में दर्ज कराए गए बयान के आधार पर ही अभियोजन पक्ष ने आरोप तय में संशोधन की अर्जी दायर कर दी।

### आज यहां रहेगा पावर कट



बिजली की लाइनों की रिपेयर के कारण रविवार को भी शहर के कुछ हिस्सों में पावर कट लगेंगे। सैक्टर-9 में सुबह 9 बजे से साढ़े तीन बजे के बीच पावर कट रहेगा।






इम्पैक्ट शास्त्री मार्कीट में एनफोर्समैंट विभाग की टीम ने की कार्रवाई

# नहीं चली दुकानदारों की धौंस, नगर निगम दस्ते ने अतिक्रमण हटाया

चंडीगढ़, 18 अप्रैल (रॉय): सैक्टर-22 शास्त्री मार्कीट में 20 फीट तक सरकारी भूमि पर अतिक्रमण को नगर निगम एनफोर्समैंट विभाग की टीम ने हटा दिया।

इसके साथ-साथ एनफोर्समैंट टीम ने अन्य बूथ्स द्वारा अतिक्रमण को हटाया और चालान कर समान भी जब्त किया। मार्कीट में दीवारों पर कब्जा कर सामान सजाने वालों के भी चालान कर समान जब्त किया। इसके अतिरिक्त रास्ते के किनारे सामान रखकर बेचने वालों के भी चालान किए गए।

कार्रवाई के दौरान कुछ बूथ वालों ने संबंधित निगम इंस्पैक्टर को भी धमकी दी। धमकी की पुष्टि करते हुए इंस्पेक्टर ने बताया कि समय-समय पर वे बूथ और वैंडर्स द्वारा अतिक्रमण को हटवाते रहते हैं, लेकिन पुन: वहीं अतिक्रमण कर लेते हैं। शनिवार को जब वे अतिक्रमण हटवा रहे थे तो कुछ बूथ मालिकों ने उन्हें धमकी दी, लेकिन उन्होंने उनका भी चालान कर समान जब्त किया।



20 फीट तक सरकारी भूमि पर अतिक्रमण, डी.सी. और निगम कमिश्नर से शिकायत

सैक्टर-22 शास्त्री मार्कीट के दुकानदारों ने शिकायत के साथ भेजी फोटो





18 अप्रैल के अंक में प्रकाशित समाचार और कार्रवाई करते हुए अधिकारी।

बता दें कि नगर निगम द्वारा हर रोज मार्कीटों से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को अंजाम दिया जाता है। रोजाना 50 से 70 चालान कर सामान भी जब्त किया जाता है, लेकिन निगम द्वारा इस संबंध में कोई ठोस व सख्त नीति ना बनाए जाने के कारण वैंडर्स और दुकानदार पुन: अतिक्रमण कर लेते हैं। सख्त नीति न होने के कारण ही कई बार कुछ पार्षद भी फोन कर चालान काटने और समान जब्त करने से मना करते हैं।

इसके अतिरिक्त अफसरशाही की तरफ से भी कुछ ढील के कारण अतिक्रमण हटाते प्रशासन और निगम को 30-35 वर्ष हो गए, लेकिन स्थिति ज्यों की त्यों बनी हुई है। वर्ष 1996 से पहले प्रशासन अतिक्रमण हटवाता था और निगम गठन के बाद से निगम ने यह जिम्मेवारी उठाई, लेकिन अब तक शहर अतिक्रमण मुक्त नहीं हो पाया है।




**न्यूज ब्रीफ**

### आय से अधिक संपत्ति मामले में मजीठिया मोहाली कोर्ट में हुए पेश

मोहाली, 18 अप्रैल (संदीप): आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में अकाली दल के नेता बिक्रम सिंह मजीठिया शनिवार को जिला अदालत में पेश हुए। इस दौरान अदालत में सुनवाई हुई। अदालत ने अगली सुनवाई 16 मई तय की है। मामले की जांच कर रही एजैंसियां पहले से ही मजीठिया के वित्तीय लेनदेन, बैंक खातों और संपत्तियों की जांच में जुटी हुई हैं। सरकारी पक्ष ने अदालत में बताया कि कई महत्वपूर्ण पहलुओं की जांच अभी जारी है और संबंधित दस्तावेजों की गहन पड़ताल की जा रही है। वहीं बचाव पक्ष ने आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि उनके मुवक्किल का किसी भी अवैध संपत्ति से कोई संबंध नहीं है। अदालत ने जांच एजैंसियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने साक्ष्यों को और मजबूत करें। जांच एजैंसियां पुराने रिकॉर्ड भी खंगाल रही हैं।

मामले की जांच में जुटी एजैंसियां अब मजीठिया से जुड़े वित्तीय लेनदेन की गहराई से जांच कर रही हैं। इसके तहत बैंक खातों, निवेश और संपत्ति खरीद से जुड़े दस्तावेजों की बारीकी से पड़ताल की जा रही है। अदालत में सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष ने जांच एजैंसियों के आरोपों को पूरी तरह खारिज किया। वकीलों का कहना था कि मजीठिया के खिलाफ लगाए गए आरोप तथ्यहीन हैं और राजनीतिक द्वेष के चलते उन्हें इस मामले में घसीटा जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि सभी संपत्तियां वैध आय के दायरे में आती हैं और जरूरत पड़ने पर संबंधित दस्तावेज अदालत में पेश किए जाएंगे।

### नाबालिगा की रहस्यमयी परिस्थितियों में मौत

खरड़, 18 अप्रैल (शशि): खरड़ के सनी एन्क्लेव की एक कोठी में काम करने वाली एक नाबालिगा की रहस्यमयी परिस्थितियों में मौत हो गई। सिविल अस्पताल खरड़ में मृतका की मां फूलवती ने बेटी सनी एन्क्लेव की एक कोठी में काम करती थी और पिछले 15 दिनों से वहीं रह रही थी। बेटी ने बताया था कि एक लड़का उसे परेशान कर रहा है, इसलिए मृतका को 20 तारीख तक वहां काम करने के लिए कहा गया था। उन्होंने आरोप लगाया है कि उनकी बेटी का एक लड़के से झगड़ा हुआ था। खरड़ पुलिस स्टेशन सदर पुलिस इंचार्ज गुरप्रीत सिंह ने कहा कि नाबालिगा का शव आंगन में लटका हुआ मिला था। पुलिस ने वीडियोग्राफी के बाद बरामद कर लिया है और शव को मोर्चरी में भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### आज 7 घंटे बिजली सप्लाई रहेगी बंद, कई इलाकों में रहेगा असर

डेराबस्सी, 18 अप्रैल (अनिल): 66 के.वी. हरिपुर कुड़ा से संचालित 11 के.वी. अंबाला रोड और 11 के.वी. शक्ति नगर फीडर की बिजली सप्लाई रविवार, 19 अप्रैल को निर्धारित समय के लिए बंद रहेगी। विभाग की ओर से जारी सूचना के अनुसार सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। बिजली विभाग के अनुसार इस निर्धारित शटडाऊन के चलते शक्ति नगर, बालाजी नगर, कॉलेज कॉलोनी, हैला फैक्टरी क्षेत्र सहित अंबाला हाईवे के साथ स्थित विभिन्न शोरूमों और आसपास के इलाकों में बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। विभाग ने बताया कि यह कटौती आवश्यक कार्यों और रखरखाव को ध्यान में रखते हुए की जा रही है। सहायक कार्यकारी इंजीनियर, वितरण उप मंडल सैदपुरा ने आम जनता को सूचित करते हुए अपील की है कि निर्धारित समय के दौरान लोग अपने जरूरी कार्य पहले ही निपटा लें।

### युवक की अपने ही ट्रैक्टर के नीचे आने से हुई मौत

खमाणों, 18 अप्रैल (सुरेश): नजदीकी गांव भामियां में 26 वर्षीय युवक की अपने खेत में अपने ही ट्रैक्टर के नीचे आने से मौत हो गई। मृतक की पहचान नवप्रीत सिंह के रूप में हुई है, जो अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। जानकारी के अनुसार, नवप्रीत सिंह अपने खेत में तूड़ी बनाने का काम कर रहा था। इसी दौरान जब वह ट्रैक्टर लेकर खेत में पहुंचा, तो खेत में बनी ऊंची मेड़ के कारण ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित हो गया। संतुलन बिगड़ने से नवप्रीत सिंह ट्रैक्टर से नीचे गिर पड़ा और उसके टायर के नीचे आ गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के समय पास में ही कुछ अन्य लोग तूड़ी मशीन चला रहे थे, जिन्होंने तुरंत घायल युवक को खन्ना के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। वहां डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे अपोलो अस्पताल रैफर कर दिया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों के अनुसार, नवप्रीत सिंह परिवार का एकमात्र सहारा था, और उसकी असमय मौत से घर में मातम छा गया है।

---

जीरकपुर में कॉल सैंटर बनाकर कम ब्याज में लोन दिलाने का झांसा देकर ठगी करने का मामला

# गैंग का पर्दाफाश, 10 लोग गिरफ्तार

### पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लैपटॉप और मोबाइल किया बरामद

जीरकपुर, 18 अप्रैल (अश्वनी): जीरकपुर पुलिस ने विदेश में रहने वाले लोगों को कम ब्याज पर लोन देने का लालच देने के आरोप में 10 लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनके कब्जे से पुलिस ने लैपटॉप, मोबाइल फोन अन्य सामान बरामद किया है। दूसरी ओर, पुलिस ने आरोपियों खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं, आरोपियों की पहचान मेलविन ठोकर निवासी गुजरात, अनिरुद्ध पनिया कांगड़ा, अनंत देव कौशिक अहमदाबाद, पवन पांडेवर अहमदाबाद, सोनू दियाली, मिलन सुनवार, आसिक दर्जी, अर्जुन क्षेत्री निवासी पश्चिम बंगाल), प्रशांत ओम प्रकाश जायसवाल अहमदाबाद और पलविंदर सिंह निवासी लालड़ू के रूप में हुई है, जो अलग-अलग राज्यों से आकर यहां जीरकपुर की पॉश सोसायटी के शॉपिंग काम्पलैक्स में आफिस बनाकर वारदातों को अंजाम देते हैं।



*जीरकपुर पुलिस थाना प्रभारी प्रैसवार्ता दौरान जानकारी देते हुए।*

#### सवालों के बाद आरोपियों ने अपना जुर्म कबूला

मामले को लेकर जीरकपुर पुलिस थाने में प्रैसवार्ता दौरान प्रभारी सतिंदर सिंह ने बताया कि उन्हें सूचना मिली कि अंबाला रोड पर स्थित मोतिया रॉयल सिटी की शॉपिंग काम्पलैक्स में कुछ लोग दफ्तर में कॉल सैंटर बनाकर लोगों के साथ ठगी की वारदातों को अंजाम दिया जा रहा है। वहीं, सूचना को आधार बनाकर एस.एच.ओ. सतिंदर सिंह ने नेतृत्व में एक टीम मोतिया रॉयल सिटी शॉपिंग काम्पलैक्स पहुंची, यहां पूछताछ के बाद 7वीं मंजिल पर स्थित एक आफिस में पहुंची और ऑफिस के अंदर कॉल सैंटर की तरह लाइन में लैपटॉप लगाकर लड़के कॉलिंग कर रहे थे। ये देख पुलिस ने पूछताछ शुरू की और पुलिस द्वारा सवालों का दौर शुरू हुआ, जिसके जवाबों से अधिकारी संतुष्ट नहीं हुए और इसके बाद पुलिस ने कॉलिंग करने वाले आरोपी की स्क्रिप्ट सामने लैपटॉप से पढ़ी तो शक हुआ। दूसरी ओर, पुलिस अधिकारियों की टीम को ऑफिस अंदर देख आरोपी थोड़ा असहज हुए और एक के बाद एक सवालों के बाद आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल लिया। दूसरी ओर, पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ऑफिस में से मिले लैपटॉप, मोबाइल फोन सहित अन्य सामान जब्त कर लिया।

#### खुद को बनाया विदेशी, फिर इंगलिश में करते थे बात

पुलिस की जांच में सामने आया है कि आरोपियों की पहचान देश के अलग-अलग राज्यों के रूप में हुई है, लेकिन ऑनलाइन ठगी करने के लिए सभी ने अपने-अपने नाम विदेशी रख लिए और ऐसा इसलिए किया गया ताकि कॉल अटैंड करने वाले को अपने ही देश का लगे। दूसरी ओर, लोग इनकी बातों में आकर बाद में कम ब्याज पर लोन देने के लालच में आकर आनलाइन ठगी का शिकार हो जाते।

जबकि आरोपी खुद को ऐसा पेश करते थे कि वो एक बड़ी मल्टीनैशनल कंपनी से बात कर रहे हैं और कंपनी का टर्नओवर करोड़ों में है।

#### कम ब्याज पर लोन देने का देते थे लालच

पुलिस पूछताछ की दौरान सामने आया है कि सभी आरोपी अलग-अलग राज्यों से संबंध रखता है, जिन्होंने मिलकर जीरकपुर में एक दफ्तर बनाया हुआ है और आसपास वालों को देखने में लगता है कि यहां कॉल सैंटर है। लेकिन यहां पर कॉल सैंटर की आड़ में आरोपी अमरीका, कनाडा, आस्ट्रेलिया सहित अन्य देशों के लोगों को वैबसाइट नंबरों के माध्यम से कॉल करते है और फिर बातचीत के दौरान लोगों को मार्कीट से कम ब्याज पर लोन देने का ऑफर देते हैं।

दूसरी ओर, जो व्यक्ति लोन लेने के लिए रूची रखता था तो उनको आनलाइन लिंक उसके मोबाइल नंबर पर भेजते और लिंक को जैसे ही क्लिक करते ही व्यक्ति के बैंक अकाऊंट में रखी सारी राशि इनके अकाऊंट में क्रैडिट हो जाती। ये गौरखधंधा लंबे समय से जीरकपुर में बैठकर आरोपियों द्वारा चलाया जा रहा है और अभी तक की जांच में आया है कि पकड़े गए आरोपी अभी तक सैंकड़ों लोगों को अपना शिकार बनाकर लाखों से करोड़ों तक की धोखाधड़ी को अंजाम दे चुके हैं।

## फर्जी लिंक भेजकर क्रैडिट कार्ड से निकाले सवा लाख, दो ठग गिरफ्तार

### पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से तीन सीलबंद मोबाइल फोन और कई बैंक कार्ड बरामद किए

मोहाली, 18 अप्रैल (संदीप): फर्जी लिंक भेजकर मोबाइल फोन हैक करने और बैंक खातों से पैसे निकालने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान अमृतसर निवासी साहिल जगदा और अमर के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपी लोगों के मोबाइल पर फर्जी लिंक भेजते थे, जिन पर क्लिक करते ही फोन हैक हो जाता था। इसके बाद आरोपी पीड़ितों के क्रैडिट कार्ड और बैंक डिटेल्स का इस्तेमाल कर ऑनलाइन शॉपिंग करते थे।

पुलिस ने देहरादून निवासी एक व्यक्ति के खाते से करीब 1.25 लाख रुपए की ऑनलाइन शॉपिंग कर तीन महंगे मोबाइल फोन खरीदे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से तीन सीलबंद मोबाइल फोन और कई बैंक कार्ड बरामद किए हैं। थाना फेज-1 पुलिस ने फेज-1 स्थित एक होटल में दबिश देकर आरोपियों को काबू किया।

#### ऑनलाइन शॉपिंग करने के बाद आरोपी होटल में मंगवाते थे सामान

पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी पहले लोगों के मोबाइल नंबर हासिल करते थे और फिर उन्हें फर्जी लिंक भेजते थे। लिंक पर क्लिक करते ही मोबाइल हैक हो जाता था, जिससे आरोपियों को बैंकिंग और कार्ड डिटेल्स मिल जाती थीं। इसके बाद वे ऑनलाइन शॉपिंग साइट्स से महंगे मोबाइल फोन और अन्य सामान ऑर्डर करते थे। डिलीवरी के लिए वे अलग-अलग होटलों के पते का इस्तेमाल करते थे ताकि उनकी पहचान छिपी रहे। इस मामले में भी आरोपियों ने मोहाली के एक होटल का पता देकर ऑर्डर मंगवाया था, जहां पुलिस ने दबिश देकर उन्हें रंगे हाथ पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपियों के पास से अलग-अलग बैंकों के कई क्रैडिट और डैबिट कार्ड भी बरामद किए गए हैं।

पुलिस का मानना है कि ये कार्ड अन्य पीड़ितों के हो सकते हैं, जिनके जरिए आरोपियों ने ठगी की वारदातों को अंजाम दिया। पुलिस अब आरोपियों से पूछताछ कर रही है और उनके नेटवर्क तथा अन्य संभावित मामलों की जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी ठगी कर खरीदे गए मोबाइल फोन को बाजार में सस्ते दामों पर बेच देते थे। पुलिस का कहना है कि आने वाले दिनों में इस गिरोह से जुड़े और खुलासे हो सकते हैं।

## भाजपा नेता सैणी ने सरकार पर वोटों में हेराफेरी के गंभीर आरोप लगाए

डेराबस्सी, 18 अप्रैल (अनिल): नगर परिषद चुनावों के नजदीक आते ही हलका डेराबस्सी की राजनीति पूरी तरह गरमा गई है। हलके के वरिष्ठ भाजपा नेता गुरदर्शन सिंह सैणी ने



मौजूदा सरकार और स्थानीय प्रशासन पर तीखे हमले करते हुए आरोप लगाया है कि सत्ताधारी पक्ष अपनी संभावित हार को देखते हुए दबाव और धांधली का सहारा ले रहा है।

वोटों की कटौती और अदला-बदली पर सवाल उठाते हुए श्री सैणी ने खुलासा किया कि प्रशासन की मिलीभगत से हलके के लगभग सभी वार्डों में भाजपा नेताओं और समर्थकों के नाम बड़ी संख्या में वोटर सूची से काट दिए गए हैं। योजनाबद्ध तरीके से इन वोटों को अन्य वार्डों में स्थानांतरित किया गया है, ताकि भाजपा के मजबूत जनाधार को कमजोर किया जा सके। उन्होंने आरोप लगाया कि पार्टी के मजबूत और संभावित जीत दर्ज करने वाले उम्मीदवारों के वोट भी उनके अपने वार्डों से हटा दिए गए हैं, ताकि वे वहां से चुनाव न लड़ सकें। उन्होंने इसे लोकतंत्र की हत्या करार दिया।

सैणी ने कहा कि सरकार जानती है कि पिछले चार वर्षों में उसने पंजाब को बर्बादी के कगार पर पहुंचा दिया है। अब जनता के बीच हार तय देख, वोटर सूचियों में छेड़छाड़ की जा रही है। सैणी ने प्रशासनिक अधिकारियों को कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि यदि वोटर सूचियों में की गई इन गड़बड़ियों को तुरंत ठीक नहीं किया गया, तो भाजपा इस अन्याय के खिलाफ बड़ा आंदोलन करेगी।

### मरणोंपरांत की आंखें दान

खरड़, 18 खरड़ (गगनदीप): रोटरी क्लब खरड़ पिछले कई वर्षों से "अंधेरे से उजाले की ओर" एक अभियान चला रहा है। इसी के तहत बीती शाम एक और शख्सियत अविनाश चंद्र (75), सेवानिवृत्त हैड मास्टर और रणजीत नगर निवासी, की मृत्यु के पश्चात उनकी आंखें दान



करवाई गईं। आई डोनेशन मोटिवेटर हरप्रीत सिंह रेखी ने बताया कि अमनदीप गर्ग ने रोटरी क्लब को सूचित किया था कि अविनाश चंदर का निधन हो गया है। इसके बाद रोटरी क्लब की टीम उनके घर पहुंची और परिवार की सहमति के बाद पी.जी.आई. (के नेत्र विभाग की टीम को नीतीश कुमार के नेतृत्व में बुलाया गया। उन्होंने घर पहुंचकर आंखें लेने की प्रक्रिया को पूरा किया। क्लब के अध्यक्ष हिम्मत सिंह सैनी और सचिव सुखविंदर सिंह लौगिया ने परिवार के इस जज्बे को नमन किया है।

**सैक्टर-72 में ज्वैलरी वर्कशॉप में लूट मामला**

## 3 आरोपी लुटेरे किए गिरफ्तार

मोहाली, 18 अप्रैल (संदीप): सैक्टर-72 स्थित निजी ज्वैलरी वर्कशॉप में लूट करने के 3 आरोपियों को फेज-1 थाना पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपियों की पहचान चंडीगढ़ सैक्टर-38 के रहने वाले विजय शर्मा, सैक्टर-56 निवासी सूरज प्रकाश और संजीव कुमार के तौर पर हुई है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर वर्कशॉप से लूटा गया एक आर्टिफिशियल हार, 20 चेन और वारदात को अंजाम देने के लिए प्रयोग की गई एक कार और 2 चाकू बरामद किए हैं।

जबकि पुलिस को इस केस में अभी आरोपियों के 2 साथियों जिनकी पहचान पीटर और जानूल के तौर पर हुई है जिनकी तलाश में पुलिस की छापेमारी जारी है। जानकारी के अनुसार सैक्टर-72 स्थित एक निजी ज्वैलरी वर्कशॉप के करनवीर सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि बीत 4 अप्रैल को 5 आरोपी लूट की नियम से वर्कशॉप के पास पहुंचे थे। इस दौरान एक आरोपी कार में बैठा था एक गेट पर पहरेदारी करने लगा और 3 नकाबपोश आरोपियों ने वर्कशॉप में प्रवेश किया। आरोपियों के पास चाकू, दरात और लोहे की रॉड थी।

#### लुटेरे कैमरों की डी.वी.आर. चोरी कर फरार हो गए थे

आरोपियों ने करनवीर से तिजौरी की चाबी मांगी तो इस पर करनवीर ने चाबी देने से इंकार कर दिया। जिसके बाद आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की। इसके बाद आरोपी यहा रखा एक आर्टिफिशियल हार और 400 से 500 ग्राम चांदी के आभूषण और यहां लगे सी.सी.टी.वी. कैमरों का डी.वी.आर. चोरी कर फरार हो गए थे। फेज-1 थाना पुलिस ने जांच के सआधार पर ही पहले आरोपी विजय कुमार और इसके बाद आरोपी सूरज प्रकाश और संजीव कुमार को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी सूरज प्रकाश और संजीव की निशादेही पर फेज-6 स्थित एक कमरे की दीवार के पास छिपा कर रखे हुआ एक आर्टिफिशियल हार, 20 चेन और वारदात को अंजाम देने के लिए प्रयोग किए गए चाकू बरामद किए। पुलिस को केस में आरोपियों के फरार चल रहे 2 साथियों की तलाश है।

### अवैध पार्किंग पर 20 वाहनों के काटे चालान

डेराबस्सी, 18 अप्रैल (अनिल): शहर में बढ़ती ट्रैफिक समस्या को नियंत्रित करने और आम लोगों को जाम से राहत दिलाने के उद्देश्य से ट्रैफिक पुलिस ने रामलीला ग्राऊंड और आसपास के क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाया। इस दौरान अवैध रूप से खड़े वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए करीब 20 वाहनों के मौके पर ही चालान किए गए।

ट्रैफिक पुलिस के अनुसार रामलीला ग्राऊंड के आसपास लंबे समय से गलत तरीके से पार्किंग किए जाने की शिकायतें मिल रही थीं। सड़क किनारे और कई बार बीच सड़क में वाहन खड़े कर दिए जाते थे, जिससे आवाजाही बुरी तरह प्रभावित होती थी। खासतौर पर व्यस्त समय में यहां जाम की स्थिति बन जाती थी, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था।

### सी.जी.सी. लांडरां में आई.ई.ई.ई. वाय ई.एस.आई.एस.टी.12 का आयोजन किया

मोहाली 18 अप्रैल (नियामियां): सी.जी.सी. कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, लांडरां, मोहाली ने अपने इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काऊंसिल और आई.ई.ई.ई. डैंट ब्रांच के माध्यम से आई.ई.ई.ई. यूथ एंडेवर फॉर सोशल इनोवेशन यूज़िंग सस्टेनेबल टैक्नोलॉजी (वाय ई.एस.आई.एस.टी.12) का आयोजन किया। इस पहल में 52 टीमों के 158 छात्रों ने भाग लिया। प्रारंभ में 186 टीमों ने रजिस्ट्रेशन कराया था, जिनमें से 53 टीमों को नवाचार, व्यवहार्यता, विस्तार क्षमता और सामाजिक प्रभाव के आधार पर अंतिम मूल्यांकन के लिए चुना गया। प्रोग्राम में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों में मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) जसदीप कौर धनोआ, एग्जीक्यूटिव वाइस चेयर, आई.ई.ई.ई. दिल्ली सैक्शन तथा डीन, आई.जी.टी.यू.डब्ल्यू. शामिल थीं। इस कार्यक्रम में इनोवेशन चैलेंज, जूनियर आइंस्टीन और वीपावर जैसे ट्रैक शामिल थे, जहां प्रतिभागियों ने सस्टेनेबिलिटी पर आधारित अपने विचार प्रस्तुत किए और विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस अनुभव ने छात्रों के तकनीकी ज्ञान, समस्या-समाधान क्षमता, संचार कौशल, टीमवर्क और उद्यमशील सोच को बढ़ाया, साथ ही उन्हें वास्तविक दुनिया की चुनौतियों और वैश्विक नवाचार मानकों का भी अनुभव प्रदान किया।

## मोहाली निगम को सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए 1500 कर्मचारियों की दरकार



मोहाली, 18 अप्रैल (संदीप): शहर में सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाए जाने के लिए नगर निगम को करीब 1500 कर्मचारियों को काम पर रखे जाने की दरकार है। खुद नगर निगम के पूर्व मेयर अमरजीत सिंह जीती कर्मचारियों की कमी को स्वीकार कर चुके हैं।

सफाई व अन्य कर्मचारियों की कमी का कारण है शहर में सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा चुकी है। निगम की पहले हुई बैठकों की बात करे तो शहर के सभी पार्षदों का बैठक के दौरान एक ही विशेष मुद्दा होता था और वह था उसके एरिया में सफाई व्यवस्था की नाजुक हालत। हदबंदी के दौरान नए इलाकों के नगर निगम में शामिल किए जाने पर यह समस्या बेहद विकराल होती नजर आ रही है।

शहर में सफाई व्यवस्था की बात करे तो नगर निगम का कार्यकाल समाप्त होने से पहले सभी पार्षद हाऊस मीटिंग में केवल एक ही विषय को लेकर सबसे ज्यादा परेशान और बेहाल नजर आते थे। उनका आरोप रहता था कि अधिकारी और ठेकेदार उनके इलाकों में सफाई व्यवस्था को लेकर बेहद लापरवाही वाला रवैया अपनाते है।

#### सफाई व्यवस्था चरमराई

पिछले काफी समय से मोहाली में सफाई कर्मचारियों की कमी बेहद महसूस की जा रही है जिसका प्रभाव सफाई व्यवस्था पर पड़ रहा और कई इलाकों में तो व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा चुकी है। ऐसे में नगर निगम में करीब 1500 कर्मचारियों के रखे जाने की जरूरत है जिसको लेकर कई बार सरकार व संबंधित विभागों को यूनियन की तरफ से लिख कर भेजा जा चुका है। यूनियन की मुख्य मांगों में से सबसे मुख्य मांग मोहाली नगर निगम में सफाई व अन्य कर्मचारियों को रखे जाने की मांग है।

**-पवन गोडियाल, स्टेट जरनल सैक्रेटरी, पंजाब सफाई मजदूर फैडरेशन।**

### कैंसर जांच और चिकित्सा शिविर का आयोजन

मोहाली, 18 अप्रैल (नियामियां): विश्व कैंसर केयर चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से जत्थेदार बाबा हनुमान सिंह जी के शहादत स्थल गुरुद्वारा सिंह शहीदां सोहाना में सुबह 10 बजे कैंसर से संबंधित नि:शुल्क जांच और चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हरजिंदर सिंह ने बताया कि इस शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा महिलाओं के स्तन की मैमोग्राफी, गर्भाशय की जांच, पैप स्मीयर, पी.एस.ए. जांच, मुख एवं गले की जांच, पुरुषों के प्रोस्टेट की जांच और रक्त कैंसर की जांच की गई। इसके अलावा शूगर और ब्लड प्रैशर की जांच, हड्डियों की जांच और दवाएं भी दी गईं।

## आम पार्षद कुलविंदर कौर की कांग्रेस में वापसी

डेराबसी, 18 अप्रैल (गुरजीत): डेराबस्सी नगर परिषद के वार्ड नंबर-17 से आम आदमी पार्टी की पूर्व पार्षद कुलविंदर कौर पत्नी जसपाल सिंह पाली ने दोबारा कांग्रेस पार्टी में शामिल होकर अपनी "घर वापसी" कर ली है। इस मौके पर उन्होंने आम आदमी पार्टी के विधायक पर नजरअंदाज करने के आरोप भी लगाए।

कांग्रेस के हलका इंचार्ज दीपइंदर सिंह ढिल्लों ने जसपाल सिंह पाली और कुलविंदर कौर को समर्थकों सहित पार्टी में शामिल करते हुए कहा कि जमीनी स्तर के नेताओं की वापसी से पार्टी को नई मजबूती मिलेगी। उन्होंने यह भी घोषणा की कि कुलविंदर कौर को आने वाली



*पूर्व पार्षद कुलविंदर कौर को समर्थकों सहित पार्टी में शामिल करते हुए कांग्रेसी नेता दीपइंदर ढिल्लों।*

नगर काउंसिल चुनाव के लिए वार्ड नंबर 17 की बजाय नए बने वार्ड नंबर 19 से परिषद उम्मीदवार के रूप में टिकट दिया जा रहा है।

इस मौके पर जसपाल सिंह पाली ने कहा कि वे हमेशा लोगों की भलाई और इलाके के विकास के लिए प्रतिबद्ध रहे हैं और कांग्रेस के मंच से लोगों की समस्याओं को और प्रभावी ढंग से ऊपर तक पहुंचाएंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि वार्ड नंबर-19 में विकास कार्य तेजी से आगे बढ़ाए जाएंगे। पाली ने आम आदमी पार्टी के विधायक पर नजरअंदाज करने के आरोप भी लगाए।

## श्री बाबा लालद्वारा मंदिर में मूर्ति स्थापना को लेकर निकाली भव्य शोभायात्रा

डेराबस्सी, 18 अप्रैल (अनिल): डेराबस्सी के धनौनी रोड स्थित भारतीय पब्लिक स्कूल के समीप श्री लाल दयाल नगर कॉलोनी से बाबा लालद्वारा मंदिर में मूर्ति स्थापना के उपलक्ष्य में शनिवार को भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। धार्मिक उत्साह और श्रद्धा से इस शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। बैंड-बाजों, ढोल-नगाड़ों और भक्ति संगीत के बीच निकली इस यात्रा ने पूरे शहर का माहौल भक्तिमय बना दिया। नगर कौंसिल के पूर्व अध्यक्ष आशु उपनेजा एवं पूर्व पार्षद व समाजसेवी नरेश उपनेजा ने झंडी दिखाकर शोभा यात्रा को रवाना किया। इस अवसर पर दोनों गणमान्य व्यक्तियों ने क्षेत्रवासियों को धार्मिक आयोजनों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया और समाज में एकता व भाईचारे का संदेश दिया।



*डेराबस्सी श्री बाबा लालद्वारा मंदिर से शोभायात्रा को रवाना करते हुए मुख्य मेहमान आशु उपनेजा एवं नरेश उपनेजा।*

**वर्कशॉप** पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा ए.आई. पर दो दिवसीय सम्मेलन आयोजित

# राष्ट्रीय सम्मेलन गूगल और व्यावहारिक वर्कशॉप का समापन

चंडीगढ़/मोहाली, 18 अप्रैल (अर्चना/नियामियां/संदीप): पंजाब की शिक्षा व्यवस्था में आर्टिफिशियल इंटैलीजैंस (ए.आई.) को शामिल करने की दिशा में निर्णायक कदम उठाते हुए पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड (पी.एस.ई.बी.) द्वारा यहां सी.आई.आई. के नॉर्दर्न रीजन मुख्यालय में आयोजित 2 दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन गूगल और इंटेल द्वारा व्यावहारिक वर्कशॉप के साथ समाप्त हो गया।

इस सम्मेलन ने क्लासरूम में ए.आई. को शामिल करने के लिए एक उपयुक्त रोडमैप तैयार करने हेतु नीति निर्माताओं, शिक्षकों और प्रौद्योगिकी विशेषज्ञों के लिए विचार-विमर्श का एक सार्थक मंच प्रदान किया। यह रोडमैप सीखने की गुणवत्ता में सुधार, पहुंच बढ़ाने और विद्यार्थियों को केवल उपभोक्ता न बनाकर प्रौद्योगिकी के निर्माता के रूप में तैयार करने पर केंद्रित होगा।




*डॉ. अमरपाल दो दिवसीय सम्मेलन के दौरान संबोधित करते हुए।*

#### ए.आई. के नैतिक उपयोग पर जोर दिया

पी.एस.ई.बी. के चेयरमैन डा. अमरपाल सिंह, आई.ए.एस. (सेवानिवृत्त) ने ए.आई. के नैतिक उपयोग पर जोर दिया और कहा कि इसका उपयोग शिक्षार्थियों की रचनात्मकता और समस्या-समाधान कौशल को निखारने के लिए किया जा सकता है। आज के डिजिटल युग में, जहां ए.आई.-आधारित उपकरण हमारे स्थायी साथी बन गए हैं, विद्यार्थियों से आग्रह किया गया कि वे ऐसे उपकरणों का चुनाव उसी तरह पूरी समझदारी और परख से करें, जैसे हम अपने मित्रों का चुनाव करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को ए.आई. का उपयोग पूरी जिम्मेदारी से और एक स्पष्ट कानूनी एवं नैतिक ढांचे में रहकर करने के लिए प्रोत्साहित किया, जो मुख्य उद्देश्यों से समझौता किए बिना उनके लिए सीखने में लाभकारी साबित हो। गूगल के नेतृत्व वाले सत्र में शिक्षा में ए.आई. की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला गया, जिसमें संवेदनशीलता और जागरूकता-निर्माण पर जोर दिया गया।

#### 112 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया

सम्मेलन का एक मुख्य हिस्सा 'कार्य स्थल पर ए.आई. का उपयोग' विषय पर इंटेल की व्यावहारिक कार्यशाला थी, जिसमें 112 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सत्र के दौरान सरकारी ढांचे के भीतर ए.आई. उपकरण स्थापित करने पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें डेटा गोपनीयता, जिम्मेदारी से उपयोग और संगठन-विशिष्ट या संवेदनशील जानकारी को अनजाने में साझा करने जैसी स्थितियों की रोकथाम के लिए सुरक्षा उपायों पर जोर दिया गया।

आई.के.जी. पी.टी.यू. द्वारा 'स्कूल लीडरों के लिए स्कूलों में ए.आई.' विषय पर एक और कार्यशाला आयोजित की गई, जो विशेष रूप से प्रिंसीपलों और स्कूल प्रमुखों को ध्यान में रखकर तैयार की गई थी। नीव ए.आई. द्वारा आयोजित छात्र-केंद्रित कार्यशाला 'ए.आई. इन एजुकेशन' ने ए.आई.-आधारित एप्लीकेशनों में व्यावहारिक कौशल का प्रशिक्षण दिया। इस सत्र के दौरान विद्यार्थियों को व्यावहारिक उपयोग के मामलों से अवगत करवाने के साथ-साथ उनमें ए.आई. की प्रारंभिक, बुनियादी समझ को बढ़ावा दिया गया। साथ ही, उन्हें उभरते हुए उपकरणों के जिम्मेदार उपयोग के लिए भी प्रोत्साहित किया गया। चेयरमैन ने बताया कि इसके साथ ही विद्यार्थियों को यह भी जानकारी दी गई कि ए.आई. टूल कैसे विकसित किए जाते हैं, उनके पीछे की प्रक्रियाएं क्या हैं, और ऐसी प्रौद्योगिकियों को बनाने के लिए आवश्यक विविध कौशल सैट कौन-से हैं। डा. अमरपाल सिंह ने 2 दिवसीय सम्मेलन के सुचारु संचालन को सुनिश्चित करने के लिए एलिक्स इवैंट्स के प्रयासों की सराहना की।

### गोल्डन फॉरैस्ट जमीन नीलामी विवाद

## बोलीदाताओं ने लगाए बड़े आरोप, प्रशासन पर उठे सवाल



*गांवों के बोलीदाता प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए।*

डेराबस्सी, 18 अप्रैल (अनिल): डेराबस्सी विधानसभा क्षेत्र में गोल्डन फॉरैस्ट इंडिया लिमिटेड की जमीनों की नीलामी को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। बोली लगाने वाले कई किसानों और व्यक्तियों ने आरोप लगाया है कि करोड़ों रुपए की इस प्रक्रिया में अनियमितताएं हुई हैं और उन्हें प्रशासनिक स्तर पर उचित संरक्षण नहीं मिला। मामले में लैंड माफिया और प्रशासन के बीच कथित मिलीभगत के आरोप भी सामने आए हैं। जानकारी के अनुसार, गांव जडौत सहित विभिन्न इलाकों में सरप्लस जमीन पर खड़ी गेहूं की फसल की नीलामी की गई थी।

बोलीदाताओं का कहना है कि उन्होंने नियमानुसार बोली में भाग लेकर तय राशि भी जमा करवाई, लेकिन इसके बावजूद उन्हें फसल की कटाई नहीं करने दी गई। इस पूरे मामले में तहसीलदार डेराबस्सी द्वारा 11 अप्रैल 2026 को जारी एक रिपोर्ट में थाना प्रभारी लालड़ू को स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि नीलामी में सफल बोलीदाताओं के अलावा कोई अन्य व्यक्ति फसल की कटाई करता है तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। बोलीदाताओं में शामिल सतनाम सिंह, गुरनाम सिंह, जगतार सिंह, नरिंदर सिंह, नसीब सिंह और अन्य ने बताया कि जनवरी माह में आयोजित नीलामी के दौरान उन्होंने प्रति एकड़ तय राशि के अनुसार बोली लगाई थी। प्रशासन द्वारा उन्हें भरोसा दिलाया गया था कि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से और पुलिस की निगरानी में संपन्न करवाई जाएगी। हालांकि, उनका कहना है कि वास्तविक स्थिति इससे बिल्कुल विपरीत रही।

# एस.बी.आई. हैडक्वार्टर में मॉक ड्रिल, परखी आपदा से निपटने की तैयारियां

## एन.डी.आर.एफ., फायर सर्विस और अन्य संबंधित विभागों ने की ड्रिल

पंचकूला, 18 अप्रैल (मुकेश): पंचकूला सैक्टर-5 स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एस.बी.आई.) के हैडक्वार्टर में शनिवार दोपहर मॉक फायर ड्रिल का आयोजन किया गया। इस अभ्यास का उद्देश्य आग जैसी आपातकालीन स्थिति में कर्मचारियों की तत्परता और विभिन्न विभागों के समन्वय का परीक्षण करना था।

ड्रिल के दौरान एन.डी.आर.एफ., फायर सर्विस और अन्य संबंधित विभागों को सूचना दी गई। सायरन बजते ही फ्लोर मार्शल्स की सहायता से पूरे स्टाफ को व्यवस्थित तरीके से बिल्डिंग से बाहर निकाला गया। मौके पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने पंचकूला फायर सर्विस के अधिकारियों के नेतृत्व में आग बुझाने का प्रदर्शन किया।

साथ ही, बिल्डिंग की दूसरी मंजिल से छह कर्मचारियों को सुरक्षित बाहर निकालने का रेस्क्यू अभ्यास भी किया गया। इस दौरान एंबुलैंस और चिकित्सा दल को भी मौके पर बुलाया गया, जिन्होंने घायलों को प्राथमिक उपचार देने की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया।

बैंक के फायर ऑफिसर रमाशंकर यादव ने कर्मचारियों को आग से बचाव, सतर्कता और सुरक्षित निकासी के उपायों की विस्तृत जानकारी दी। ड्रिल के समापन पर उप महाप्रबंधक (व्यवसाय एवं परिचालन) विवेक कुमार, क्षेत्रीय प्रबंधक ऋषि कुमार, सहायक महाप्रबंधक जीवन लाल, हरि ओम यादव तथा मुख्य प्रबंधक सुधीर सिंगला की उपस्थिति में फायर विभाग, एन.डी.आर.एफ. और आपदा प्रबंधन टीम के अधिकारियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विवेक कुमार ने कहा कि इस प्रकार की मॉक ड्रिल कर्मचारियों को आपदा के समय सही निर्णय लेने और घबराहट से बचने में मदद करती हैं।





एस.बी.आई. हैडक्वाटर में फायर मॉक ड्रिल के दौरान एन.डी.आर.एफ. की टीम घायलों को बाहर निकालते हुए। मौके पर पहुंची फायर टीमें और डॉग स्क्वाड। (विजय कुमार)

## न्यूज ब्रीफ

### बच्चों को दी दांतों की देखभाल की जानकारी

पिंजौर, 18 अप्रैल (तरसेम): अर्बन पॉलीक्लीनिक पिंजौर के प्रभारी के निर्देशानुसार संस्था की दंत सर्जन डॉ. सुनीता मंगल द्वारा गांव भोगपुर के माध्यमिक विद्यालय में ओरल हैल्थ कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को मुख स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। डॉ. सुनीता मंगल ने बच्चों को दांतों की सही देखभाल के महत्व के बारे में जानकारी दी और ब्रश न करने से दांतो में कीड़े लगना, मसूड़ों की बीमारी जैसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। कैंप के दौरान चिकित्सक द्वारा बच्चों के दांतों और मुख का निरीक्षण भी किया गया। इसके साथ ही जबड़े के कृत्रिम मॉडल के माध्यम से बच्चों को ब्रश करने का सही तरीका समझाया गया।

### सतवीर पहलवान ने दिल्ली सतीश को पटकनी दे माली पर कब्जा जमा लिया

मोरनी, 18 अप्रैल (अनिल): ठाकुरद्वारा मंदिर परिसर में आयोजित विशाल कुश्ती दंगल में हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश और दिल्ली सहित विभिन्न राज्यों से पहुंचे नामी पहलवानों ने अपनी ताकत और कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। पूरे दिन चले इस दंगल में दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी और मुकाबलों का भरपूर आनंद लिया। दंगल का फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक रहा, जिसमें पिंजौर के सतबीर इशरनगर और दिल्ली के सतीश के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। दोनों पहलवानों ने दमदार प्रदर्शन किया, लेकिन अंततः सतबीर इशर नगर ने शानदार दांव-पेच दिखाते हुए जीत हासिल कर माली अपने नाम की। दंगल के आयोजन से पूर्व मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना की गई। इसके साथ ही श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया और आयोजन में भागीदारी निभाई। मंदिर कमेटी के प्रधान डी.पी. शर्मा ने बताया कि यह दंगल हर वर्ष की भांति इस बार भी सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। उन्होंने बताया कि ठाकुरद्वारा मंदिर और हनुमान मंदिर में स्थापित मूर्तियां प्राचीन काल की हैं, जो जमीन की खुदाई के दौरान प्राप्त हुई थीं, जिसके कारण इस स्थल के प्रति लोगों की गहरी आस्था जुड़ी हुई है। उन्होंने आयोजन की सफलता के लिए क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त किया। साथ ही पुलिस प्रशासन, स्थानीय प्रशासन एवं अन्य विभागों का धन्यवाद किया, जिनके सहयोग से कार्यक्रम शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हुआ।

### मुकुल राय बने युवा संयोजक

कालका, 18 अप्रैल (विजय): नॉर्दर्न रेलवे मेन्स यूनियन (एन.आर.एम.यू.) वर्कशॉप ब्रांच कालका की एक महत्वपूर्ण बैठक आज शाखा कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक शाखा अध्यक्ष कमल कुमार की अध्यक्षता में एवं शाखा मंत्री प्रदीप शर्मा के संचालन में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से युवा संगठन को मजबूत करने हेतु युवा कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें मुकुल राय को युवा संयोजक मनोनीत किया गया। साथ ही विभिन्न शॉप से युवा साथियों को सहायक संयोजक की जिम्मेदारी दी गई, उनमें मशीन शॉप: प्रदीप सिंह, वेल्डिंग शॉप: अंकेश कुमार, टूल शॉप: मयंक, मिलराइट: शिव कुमार, हेमराज व कैरीज फिटिंग: आकाश भारद्वाज शामिल है। इस अवसर पर सहायक मंडल मंत्री परवीन कुमार, सह सचिव गगनदीप, उपाध्यक्ष अनिल गुप्ता, उपाध्यक्ष दीपक सेनी, उपाध्यक्ष किरण रेखा, शाखा कैशियर चौधरी प्रकाश चंद विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### कांग्रेस का महिला विरोधी रवैया उजागर: मित्तल

पंचकूला, 18 अप्रैल (मुकेश): भाजपा जिला अध्यक्ष अजय मित्तल ने लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध करने पर कांग्रेस सहित समूचे विपक्ष पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए इसे शर्मनाक और दुखद बताया है। उन्होंने कहा, इससे कांग्रेस व अन्य विपक्षी पार्टियों का महिला विरोधी रवैया उजागर हुआ है। अजय मित्तल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने अधिनियम का विरोध कर देश की करोड़ों मां, बहन, बेटियों को उनका हक़ दिलवाने में बाधा डालने का दुःसाहस किया है, जिसका परिणाम आने वाले समय में कांग्रेस पार्टी को भुगतना पड़ेगा। अजय मित्तल ने कहा, भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी के विरोध के चक्कर में कांग्रेस पार्टी स्वयं अपने पाव पर कुल्हाड़ी मार ली है। उन्होंने कहा, महिलाओं को मिलने वाले 33 प्रतिशत आरक्षण को रोकना और फिर उसका जश्न मनाकर देश की आधी आबादी का अपमान करना कांग्रेस और विपक्षी पार्टियों के मानसिक दिवालियापन को दर्शाता है।



# अवैध पार्किंग पर सख्ती और चालान का प्रावधान, सड़क किनारे दुकान लगाने पर प्रतिबंध

## आयुक्त की पहल पर नगर निगम और मंडियों के प्रतिनिधियों की बीच संयुक्त बैठक आयोजित

पंचकूला, 18 अप्रैल (मुकेश): शहर भर में किसान मंडियों के कामकाज को बेहतर बनाने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए, नगर निगम पंचकूला के आयुक्त विनय कुमार और किसान मंडियों के प्रतिनिधियों के बीच बैठक आयोजित की गई। किसान मंडियों के प्रतिनिधियों का नेतृत्व अजय कुमार ने किया। बैठक में जनता की चिंताओं के समाधान और मंडियों को अधिक व्यवस्थित, पारदर्शी तथा नागरिक-अनुकूल बनाने की साझा प्रतिबद्धता पर जोर दिया गया।

यह पहल सहयोगात्मक शासन का एक मजबूत उदाहरण है, जिसमें दोनों हितधारकों ने एक साथ आकर किसान मंडियों के वर्तमान संचालन से निवासियों को हो रही समस्याओं के व्यावहारिक और टिकाऊ समाधान विकसित करने का प्रयास किया। बैठक में आपसी सहमति से कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए, जिनमें सुव्यवस्थित योजना और जनता की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर विशेष जोर दिया गया। निगम पंचकूला के इंजीनियरिंग विंग ने मंडियों के लिए सैक्टर-वार लेआऊट प्लान तैयार किए हैं।



निगम पंचकूला के आयुक्त विनय कुमार विभिन्न किसान मंडियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करते हुए।

### वाहनों को पार्किंग क्षेत्रों में ही खड़ा करना अनिवार्य

इन योजनाओं का मुख्य फोकस स्पष्ट रूप से निर्धारित वैंडिंग ज़ोन, पैदल यात्रियों और वाहनों की सुचारू आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त चौड़ी लेन, तथा उचित रूप से चिन्हित पार्किंग स्थलों पर है। भविष्य में व्यवस्था, सुरक्षा और सभी के लिए आसान पहुंच बनाए रखने के लिए इन लेआऊट का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाएगा। सभी वाहनों को केवल निर्धारित पार्किंग क्षेत्रों में ही खड़ा करना अनिवार्य होगा। यातायात के सुचारू प्रवाह और भीड़भाड़ को रोकने के लिए किसी भी उल्लंघन पर चालान किया जाएगा। सड़क के किनारों (बर्म्स) पर किसी भी प्रकार की दुकान लगाने की अनुमति नहीं होगी। विक्रेताओं को अनुमोदित लेआऊट के अनुसार केवल निर्धारित स्थानों के भीतर ही अपना व्यवसाय संचालित करना होगा। प्रत्येक विक्रेता के लिए कचरे के पृथक्करण हेतु दो अलग-अलग कूड़ेदान रखना अनिवार्य होगा। नगर निगम पंचकूला प्रत्येक मंडी में दो निर्धारित स्थानों पर कम से कम चार बड़े सामुदायिक कूड़ेदान स्थापित करेगा, ताकि कचरे का कुशल संग्रह सुनिश्चित किया जा सके। विक्रेता गैर-बायोडिग्रेडेबल (नष्ट न होने वाली) प्लास्टिक पॉलीथीन थैलियां उपलब्ध नहीं कराएंगे। पर्यावरण-अनुकूल प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए ग्राहकों को पुनः उपयोग योग्य थैलियां साथ लाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

## अब तक 25832 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद

पंचकूला, 18 अप्रैल (मुकेश) जिला में रबी सीजन 2026-27 के दौरान गेहूं की खरीद और उठान का कार्य सुचारू रूप से चल रहा है। सरकारी खरीद एजैंसियों द्वारा जिला की मंडियों में से अब तक 25832 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई और 9237 मीट्रिक टन गेहूं का उठान किया गया है। जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक कार्यालय के एक प्रवक्ता ने बताया कि सरकारी खरीद एजैंसियों हैफेड और हरियाणा वेयर हाऊसिंग कारपोरेशन द्वारा रायपुररानी, बरवाला और पंचकूला स्थित अनाज मंडियों में गेहूं की खरीद की जा रही है। रायपुररानी अनाज मंडी से हैफेड द्वारा 3047 मीट्रिक टन गेहूं और हरियाणा वेयर हाऊसिंग कार्पोरेशन द्वारा 7945 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई। इसी प्रकार बरवाला अनाज मंडी से हैफेड द्वारा 6545 मीट्रिक टन गेहूं और हरियाणा वेयर हाऊसिंग कार्पोरेशन द्वारा 7475 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई। इसके अलावा पंचकूला अनाज मंडी से हैफेड द्वारा 820 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई।

## 8 किलो 235 ग्राम चूरा पोस्त सहित दो आरोपी गिरफ्तार

पिंजौर, 18 अप्रैल (रावत): पंचकूला पुलिस के एंटी नार्कोटिक्स सैल द्वारा नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत दो आरोपियों को भारी मात्रा में नशीले पदार्थ सहित गिरफ्तार किया है। जानकारी अनुसार 17 अप्रैल को एंटी नार्कोटिक्स सैल पंचकूला के ए.एस.आई. परविन्द्र सिंह अपनी टीम के साथ गशत व अपराध रोकथाम के लिए क्षेत्र में मौजूद थे। इसी दौरान सूचना मिली कि सुरजपुर से सुखोमाजरी बाईपास के पास एक ट्रक में दो व्यक्ति चूरा पोस्त (भुक्की) लेकर ग्राहक का इंतजार कर रहे हैं। टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर ट्रक को काबू किया और उसमें सवार दो व्यक्तियों की पहचान जसपाल सिंह निवासी गांव किरतपुर, कालका व तरसेम सिंह निवासी गांव प्रेमपुरा, कालका के रूप में हुई। जब आरोपियों की तलाशी ली तो एक प्लास्टिक कट्टे से 8 किलो 235 ग्राम चूरा पोस्त (भुक्की) बरामद हुआ।

बरामद नशीले पदार्थ को मौके पर ही सील कर कब्जे में लिया गया तथा ट्रक को भी जब्त कर लिया गया। दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना पिंजौर में मामला दर्ज किया गया है। पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया है कि वे यह नशीला पदार्थ राजस्थान से लेकर आए थे। आरोपियों को अदालत में पेश कर 5 दिन का रिमांड पर हासिल किया है।

## बी.एस.बी. के 10वीं और 12वीं के परिणाम घोषित

# 10वीं में आचार्यकुलम असम की अश्मिता व 12वीं में पतंजलि गुरुकुलम टिहरी की मल्लिका टॉपर



उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अन्य विद्यार्थी।

हरिद्वार, 18 अप्रैल (ब्यूरो): भारतीय शिक्षा बोर्ड ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित कक्षा 10 एवं 12 बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम घोषित कर दिए हैं। इस वर्ष देशभर में भारतीय शिक्षा बोर्ड संबद्ध विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है।

कक्षा 10 में ऑल इंडिया स्तर पर प्रथम स्थान अश्मिता बसनेट (485/500, 97%), आचार्यकुलम, कुमारिकाता असम ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान प्रियंम चक्रवर्ती (463/500, 92.60%), आचार्यकुलम चिरांग असम तथा तृतीय स्थान एंजेल (462/500, 92.40%), पतंजलि गुरुकुलम टिहरी गढ़वाल उत्तराखंड को प्राप्त हुआ।



अश्मिता बसनेट व प्रियंम चक्रवर्ती।

कक्षा 12 में ऑल इंडिया स्तर पर प्रथम स्थान मल्लिका दास (481/500, 96.20%), पतंजलि गुरुकुलम टिहरी गढ़वाल उत्तराखंड ने प्राप्त किया।

द्वितीय स्थान प्रिया (474/500, 94.80%) पतंजलि गुरुकुलम हरिद्वार उत्तराखंड तथा तृतीय स्थान अंशिका चौहान (473/500, 94.60%) पतंजलि गुरुकुलम हरिद्वार उत्तराखंड को प्राप्त हुआ। भारतीय शिक्षा बोर्ड की ओर से 5 से 29 मार्च तक देशभर में परीक्षाएं आयोजित की गई थीं।

## लाइब्रेरी व एक्टिविटी रूम का किया उद्घाटन

रायपुररानी, 18 अप्रैल (रामेन्द्र): श्रवण एवं वाणी निशक्तजन कल्याण केंद्र रायपुररानी में नए शैक्षणिक सत्र की शुरूआत हवन-यज्ञ के साथ श्रद्धा और उत्साहपूर्वक की गई। इस अवसर पर कालका की विधायक शक्ति रानी शर्मा ने केंद्र में नव निर्मित लाइब्रेरी कम एक्टिविटी रूम का उद्घाटन किया। विधायक शक्ति रानी शर्मा ने कहा कि उनका मन हमेशा इन बच्चों के बीच रहने और उनसे मिलने का करता है। कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्थान सराहनीय कार्य कर रहा है और सहायक निदेशक आकांक्षा छाबड़ा द्वारा इसे बहुत ही सुचारू रूप से संचालित किया जा रहा है। उन्होंने अपील की कि समाज के सभी लोग अपने जन्मदिन जैसे विशेष अवसर इन बच्चों के साथ मनाएं और केंद्र को सहयोग दें।

इस दौरान केंद्र की सहायक निदेशक आकांक्षा छाबड़ा ने बच्चों से संबंधित कुछ आवश्यक मांगें विधायक के समक्ष रखीं, जिस पर विधायक ने आश्वासन दिया कि वे हमेशा केंद्र के साथ खड़ी हैं और हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। इस मौके पर केंद्र की एक छात्रा ने विधायक शक्ति रानी शर्मा की पेंटिंग बनाकर उन्हें भेंट की, जिसकी सभी ने सराहना की। इस अवसर पर सी.जे.एम. अजय कुमार घनघस, सोसायटी की चेयरपर्सन मेघा भंडारी, एच.जी.एस. कृष्ण कुमार चोपड़ा, सहायक निदेशक मुख्यालय संजीव गोयल आदि मौजूद थे।

## 'झूठ और देरी की राजनीति, पंजाब सरकार ने किसानों को किया गुमराह'



मोहाली, 18 अप्रैल (स.ह.): असमय वर्षा के कारण पंजाब और चंडीगढ़ में गेहूं की फसल को हुए नुकसान को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार ने रबी विपणन सीजन 2026–27 के लिए गेहूं खरीद मानकों में महत्वपूर्ण छूट प्रदान की है, जिससे किसानों को बड़ी राहत मिलेगी और उन्हें किसी प्रकार की आर्थिक हानि से बचाया जा सकेगा। इस निर्णय के तहत अब 70 प्रतिशत तक लस्टर लॉस (चमक में कमी) वाले गेहूं की खरीद की अनुमति दी गई है, जबकि टूटे एवं सिकुड़े दानों की सीमा को पहले के 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया गया है।

क्षतिग्रस्त एवं आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त दानों की सीमा 6 प्रतिशत ही रखी गई है। यह फैसला किसानों को मजबूरी में सस्ती बिक्री (डिस्ट्रेस सेल) से बचाने और गेहूं की सुचारू खरीद सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह कहना है भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष बिक्रम चीमा का।चीमा ने आगे बताया कि इस संदर्भ में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और राज्य सरकार द्वारा केंद्र सरकार पर भेदभाव के लगाए जा रहे आरोप पूरी तरह भ्रामक और राजनीतिक रूप से प्रेरित हैं। तथ्य स्पष्ट रूप से बताते हैं कि राजस्थान ने 2 अप्रैल को केंद्र सरकार को आवेदन भेजा और 9 अप्रैल को मंजूरी प्राप्त कर ली, जबकि हरियाणा ने 4 अप्रैल को आवेदन किया और 16 अप्रैल को उसे छूट मिल गई।

इसके विपरीत, पंजाब सरकार ने 9 अप्रैल को, वह भी कथित रूप से व्हाट्सएप के माध्यम से, अपना अनुरोध भेजा। इसके बावजूद केंद्र सरकार ने तेजी और जिम्मेदारी का परिचय देते हुए तुरंत फसल नुक्सान का आकलन करने के लिए टीमें भेजीं। पंजाब में नुक्सान का दायरा राजस्थान की तुलना में लगभग दोगुना होने के कारण प्रक्रिया अधिक व्यापक थी, फिर भी 17 अप्रैल तक लगभग 70 प्रतिशत छूट प्रदान कर दी गई। उल्लेखनीय है कि हरियाणा द्वारा पहले आवेदन किए जाने के बावजूद पंजाब को कम समय में राहत मिल गई, जो केंद्र सरकार की संवेदनशीलता और तत्परता को दर्शाता है। इससे स्पष्ट है कि देरी का कारण केंद्र नहीं, बल्कि पंजाब सरकार की स्वयं की लापरवाही और देर से की गई कार्रवाई है। चीमा ने आगे कहा कि नीतियों का आकलन केवल वादों से नहीं, बल्कि उनके जमीनी प्रभाव से होता है।



पंचकूला में मूक-बधिर महिलाओं के 6वें राष्ट्रीय सांस्कृतिक महोत्सव में प्रस्तुति देती हुईं। (विजय कुमार)

## लिवर संबंधी बीमारियों से बचाव के लिए शीघ्र निदान और जीवनशैली में बदलाव महत्वपूर्ण

चंडीगढ़, 18 अप्रैल (बी.एन.-1879): मैक्स अस्पताल मोहाली के गैस्ट्रो एवं हेपेटोलॉजी विभाग के एसोसिएट डायरैक्टर डॉ. जी.एस. सिद्धू ने लिवर के स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि लिवर शरीर का एक महत्वपूर्ण अंग है जो शरीर के कई महत्वपूर्ण कार्यों के लिए जिम्मेदार है। उन्होंने कहा, "लिवर पाचन और प्रतिरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। हालांकि अस्वस्थ जीवनशैली, शराब के सेवन, मोटापे और वायरल संक्रमणों के कारण फैटी लिवर, हेपेटाइटिस, सिरोसिस और लिवर कैंसर जैसी लिवर संबंधी बीमारियों का बढ़ता प्रचलन एक गंभीर स्वास्थ्य चिंता का विषय बन गया है।" दुर्भाग्य से लिवर की बीमारियां अक्सर गंभीर अवस्था में पहुंचने तक पता नहीं चल पाती हैं। थकान, भूख न लगना, मतली, पेट में तकलीफ, पीलिया और बिना किसी स्पष्ट कारण के वजन कम होना जैसे सामान्य चेतावनी लक्षण हो सकते हैं। इन लक्षणों पर ध्यान देना और समय पर चिकित्सा सलाह लेना महत्वपूर्ण है। डॉ. सिद्धू ने कहा कि लिवर संबंधी बीमारियों से बचाव के लिए शीघ्र निदान और जीवनशैली में बदलाव महत्वपूर्ण हैं।

## आर्य समाज भारतीय संस्कृति के प्रचार प्रसार में जुटा

पंचकूला, 18 अप्रैल (मुकेश): हिमाचल प्रदेश शिमला हिल्स से पधारे आर्य सन्यासी स्वामी ओंकारानंद सरस्वती जो अमरीका, सूरीनाम एवं गुयाना मॉरीशस सिंगापुर एवं मलेशिया में वैदिक संस्कृति का प्रचार प्रसार कर चुके हैं। आर्य समाज सैक्टर-9 पंचकूला के प्रधान धर्मवीर बत्रा के निमंत्रण पर 18 अप्रैल को आर्य समाज पंचकूला सैक्टर-9 सुबह काल के हवन सत्संग में पधारे। हवन के बाद कहा कि पूरे विश्व में एकमात्र आर्य समाज ही एक ऐसी अनूठी संस्था है जो भारतीय संस्कृति के मूल ज्ञान वेद के प्रचार प्रसार में लगी है। स्वामी ओंकारानंद सरस्वती ने ट्राई सिटी के सबसे अधिक लोकप्रिय एवं समाज सेवा में समर्पित आर्य समाज के प्रधान धर्मवीर बत्रा जो 90 वर्ष के आसपास होकर भी पूरी तरह से क्रियाशील है वैदिक वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया।



## शैल्बी अस्पताल में लीवर स्वास्थ्य जांच अभियान शुरू

मोहाली, 18 अप्रैल (बी.एन.-1879): विश्व लीवर दिवस के उपलक्ष्य में शैल्बी अस्पताल मोहाली ने शनिवार को फैटी लीवर रोगों के प्रति जागरूकता अभियान शुरू किया। इस अभियान के तहत अस्पताल हर शनिवार को रियायती दरों पर फाइब्रोस्कैन के साथ निःशुल्क लीवर स्वास्थ्य जांच की सुविधा प्रदान कर रहा है। शैल्बी अस्पताल मोहाली के वरिष्ठ हैपेटोलॉजिस्ट डॉ. राहुल गुप्ता ने कहा, "गतिहीन जीवनशैली, खराब आहार, मोटापा, मधुमेह और डिस्लिपिडेमिया के कारण पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और चंडीगढ़ में फैटी लीवर की समस्या तेजी से बढ़ रही है।



डॉ. गुप्ता ने आगे कहा, "लीवर रोग एक साइलेंट किलर है जो पंजाब को सबसे ज्यादा प्रभावित कर रहा है। अकेले पंजाब में ही, शहरी वयस्कों में से 40 प्रतिशत से अधिक लोगों में अल्ट्रासाउंड में फैटी लीवर पाया जा रहा है, जो एक दशक पहले 25 प्रतिशत था। राज्य भर में 1.5 करोड़ मधुमेह रोगियों में से 70 प्रतिशत में फैटी लीवर रोग पाया जा रहा है।" फाइब्रोस्कैन के माध्यम से प्रारंभिक जांच से इसके लक्षणों का पता लगाया जा सकता है, क्योंकि लक्षण अक्सर 70-80 प्रतिशत क्षति होने के बाद ही दिखाई देते हैं। डायरैक्टर गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल एच.पी.बी. और लीवर ट्रांसप्लांट डॉ. प्रोफैसर अरुणांशु बेहरा ने कहा कि चंडीगढ़ की डेस्क जॉब संस्कृति और कैलोरी से भरपूर पंजाबी आहार इस क्षेत्र में लीवर रोगों को बढ़ावा दे रहे हैं।

## बहलोलपुर में लड़कियों को सिलाई मशीनें बांटी

मोहाली, 18 अप्रैल (नियामियां): भाई घनैया जी केयर सर्विस एंड वैल्फेयर सोसायटी (रजिस्टर्ड) मोहाली की तरफ से गांव बहलोलपुर के सरपंच और पंचायत के साथ मिलकर चलाया जा रहा स्किन और हेयर केयर और सिलाई-कढ़ाई का टैक्निकल कोर्स सफलतापूर्वक खत्म हो गया। इस मौके पर, कोर्स पूरा करने वाली गांवों की लड़कियों को फ्री स्किन और हेयर केयर किट और सिलाई मशीनें बांटी गईं, ताकि वे अपने पैरों पर खड़ी हो सकें और आत्मनिर्भर बन सकें। इस प्रोग्राम की मुख्यातिथि आभा बंसल (अमेय फाऊंडेशन, मोहाली) और सोसायटी के संरक्षक, बी.के. गोयल ने मिलकर लाभार्थियों को किट और मशीनें बांटीं। मशहूर आर्टिस्ट डॉली (सोशल सब्सटेंस) भी इवैंट में स्पैशल गैस्ट के तौर पर मौजूद थीं। भाषण में, आभा बंसल ने सोसायटी द्वारा चलाए जा रहे टैक्नीकल कोर्स और समाज सेवा के कामों की तारीफ की।

इस मौके पर, सोसायटी के चेयरमैन, के.के. सैनी ने मुख्य मेहमानों, खास मेहमानों, गांव के सरपंच, पंचायत सदस्यों और कार्यक्रम में आए सभी साथियों का दिल से शुक्रिया अदा किया।



लड़कियों को स्किन और हेयर केयर किट और सिलाई मशीनें बांटते हुए।

# पिंजौर-बद्दी फोरलेन सड़क निर्माण कार्य जल्द करवाने की मांग की

## केन्द्रीय मंत्री गडकरी को भेजा ज्ञापन

पिंजौर, 18 अप्रैल (रावत, तरसेम): शिवालिक विकास मंच के प्रदेशाध्यक्ष विजय बंसल ने केन्द्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को ज्ञापन भेजकर औद्योगिक क्षेत्र बद्दी से पिंजौर तक फोरलेन सड़क निर्माण कार्य को जल्द पूरा करवाने की मांग की है।

उन्होंने कहा कि नालागढ़ बददी से पिंजौर तक प्रस्ताविक करीब 38 किलोमीटर लंबी फोरलेन सडक परियोजना बीते 8 वर्षों से अधर में लटकी हुई है। इस अवधि में महज 18 किलोमीटर सड़क का निर्माण ही हो पाया है। जबकि शेष 17 किलोमीटर के लिए टैंडर प्रक्रिया 17 बार टल चुकी है।



पिंजौर नालागढ़ सड़क में पड़े गड्ढे।

### राजनीति के कारण हो रही देरी

बंसल ने कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा राजनीति उपेक्षा के कारण लगातार हो रही देरी का सीधा असर न केवल हिमाचल प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्र बल्कि हरियाणा के दून क्षेत्र की अर्थव्यवस्था पर भी पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि केवल इतना ही नहीं बल्कि अन्य राज्यों से भी औद्योगिक क्षेत्र में आने वाले कच्चे माल के समय पर न पहुंचने के कारण दूसरे राज्यों को भी नुक्सान उठाना पड़ रहा है।

बालाजी मैडीसैन्टर Estd. : 2010
कान, नाक व गला एवं मैट्रनिटी हस्पताल
Nursing Home Site No. 1, Sector-25 Panchkula, M: 9216748748

Hearing Tests
Hearing Aids
Speech Therapy

## न्यूज ब्रीफ

### व्हाट्सऐप पर कम्पनी निदेशक की फोटो लगाकर 1.96 लाख की ठगी

चंडीगढ़, 18 अप्रैल (सुशील राज): व्हाट्सऐप पर कम्पनी निदेशक की फोटो लगाकर लेखा अधिकारी को मैसेज भेज एक करोड़ 96 लाख ट्रांसफर करवाकर ठगी कर ली। साइबर सैल ने जांच करते हुए संजीव अग्रवाल के बयानों पर अज्ञात ठगों पर मामला दर्ज किया।

मनीमाजरा स्थित शिवालिक एनक्लेव निवासी संजीव अग्रवाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 15 अप्रैल दोपहर करीब एक बजकर 35 मिनट पर कम्पनी की लेखा अधिकारी नेहा को व्हाट्सऐप के जरिए प्रबंध निदेशक रंजन जैन ने एक करोड़ 96 लाख रुपए कुछ बैंक अकाउंट में ट्रांसफर करने का मैसेज दिया था। इसके बाद नेहा ने तुरंत बताए गए बी.टी.ओ. स्टेपमाइल रियल्टी प्राइवेट लिमिटेड के बैंक अकाउंट में रुपए ट्रांसफर कर दिए। बाद में पता चला कि निदेशक ने ऐसा कोई मैसेज नहीं किया था। व्हाट्सऐप चैक किया तो प्रबंध निदेशक की तस्वीर थी, लेकिन बाकी सब फर्जी था। व्हाट्सएप आई.डी. में इस्तेमाल नंबर 916026870882 था, जो प्रबंध निदेशक ने नहीं भेजा था। हालांकि डिस्प्ले पिक्चर और नाम समान थे, लेकिन व्हाट्सएप प्रोफाइल से जुड़ा मोबाइल नंबर ऊपर उल्लेखित नंबर ही था। इसके बाद तुरंत बैंक जाकर ट्रांसफर रुपए फ्रीज करने के लिए सूचना दी। इसके साथ ही मामले की शिकायत पुलिस को दी।

### चोर की निशानदेही पर दो बाइक बरामद किए

चंडीगढ़, 18 अप्रैल (सुशील राज): सैक्टर-49 थाना पुलिस ने वाहन चोरी करने वाले युवक को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान मोहाली निवासी हरविंदर सिंह के रूप में हुई। उसकी निशानदेही पर चोरी की दो मोटरसाइकिल बरामद की।

सैक्टर-63 निवासी गगन शर्मा की शिकायत पर थाना पुलिस ने हरविंदर के खिलाफ मामला दर्ज किया। जिला अदालत ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

### 56 चालान काटे और 10 वाहन जब्त किए

चंडीगढ़, 18 अप्रैल (रॉय): नगर निगम ने शनिवार को विभिन्न क्षेत्रों में विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया। सुबह के समय इंडस्ट्रियल एरिया फेज-1 में अभियान चलाकर चालान काटे और 10 वाहनों को जब्त किया। शाम के समय सैक्टर-22 मोबाइल मार्कीट में पार्किंग क्षेत्रों में अतिक्रमण को हटाया गया। इस दौरान विभिन्न उल्लंघनों के लिए कुल 56 चालान जारी किए गए।

### लाभार्थियों के लिए ए.आई. कार्यशाला

चंडीगढ़, 18 अप्रैल (अधीर रोहाल): उद्योग विभाग ने सैक्टर-26 स्थित आई.टी.आई. में पी.एम. विश्वकर्मा लाभार्थियों के लिए ए.आई. से संबंधित जानकारी देने के लिए कार्यशाला लगाई गई। इसका उद्देश्य पारंपरिक कारीगरों के बीच तकनीकी अपनाकर डिजीटल बाजार तक पहुंच को बढ़ावा देना था।

# गर्मियों की गर्म हवाओं की आमद, साल में पहली बार तापमान 40 पार

## 3 कारणों से बढ़ती जाएगी गर्मी, कुछ दिनों बाद हीट वेव चलने की भी संभावनाएं

चंडीगढ़, 18 अप्रैल (अधीर रोहाल): गर्मियों से मिली राहत के दिन अब बीत चुके हैं और शहर में पहुंची गर्म हवाओं ने आखिर शहर में गर्मी का मौसम ला दिया है। इन हवाओं के साथ चमके सूरज के बीच शनिवार को पहली दफा गर्मी की तीखी चुभन महसूस की गई।

पिछले कुछ दिनों से उत्तर भारत के मैदानों में बढ़ रहे तापमान के बीच शनिवार को इस साल में पहली बार तापमान 40 डिग्री को पार कर गया। हालांकि, एक रोज पहले 20 डिग्री से नीचे नही रहे रात के न्यूनतम तापमान में शुक्रवार रात गिरावट आई लेकिन आने वाले दिनों में अब लोगों को बढ़ते तापमान के बीच गर्मी से बचाव के इंतजाम करने ही होंगे। आने वाले दिनों में कोई ऐसा सिस्टम भी नहीं बन रहा है जो अब लगातार बढ़ने वाले तापमान को रोकने में मदद करे।



*दिन के समय तापमान बढ़ने लगा है, लेकिन सुबह-शाम की ठंड अभी भी बरकरार है।*

### 3 कारणों से बढ़ेगी गर्मी, राहत के

आने वाले दिनों में शहर के तापमान को बढ़ाने में 3 कारण लगातार मदद करेंगे जिससे शहर के तापमान में लगातार बढ़ौतरी दर्ज होगी। मौसम विशेषज्ञें की मानें तो पश्चिम और मध्य पूर्व से आने वाली हवाएं तापमान को बढ़ाएंगी।फिर आसपास के राज्यों में तापमान 42 डिग्री के ऊपर चल रहा है। इन दोनों कारणों से ट्राइसिटी के तापमान में लगातार इजाफा होगा। गर्मियों में दो दिशाओं से शहर में हवाएं पहुंचती हैं। राजस्थान में पारा चढ़ चुका है तो मध्य पूर्व में मौसम पूरी तरह गर्म हो चुका है।

इन दोनों ही एरिया से आने वाली गर्म हवाएं तापमान को बढ़ाएंगी। हरियाणा और राजस्थान में पारा 42 डिग्री के आसपास है जो शहर का तापमान बढ़ाएगी क्योंकि पहाड़ों से आने वाली हवाएं अब बेअसर होंगी। फिर तीसरा सबसे बड़ा कारण है कि अब दिन अब सूरज ज्यादा देर तक चमकेगा। रोजाना इन दिनों सूरज को 13 घंटों तक का समय मिल रहा है तो सुबह 9 बजे के बाद ही पारा चढ़ना शुरू हो जाएगा।

### चंडीगढ़ को मिली एक और स्पैशल ट्रेन

चंडीगढ़, 18 अप्रैल (लल्लन): रेलवे स्टेशन चंडीगढ़ और अम्बाला से उत्तर प्रदेश और बिहार जाने वाली रूटीन ट्रेनों में अधिक भीड़ के कारण एक और स्पैशल ट्रेन की घोषणा की गई है। यह ट्रेन चंडीगढ़ से हावड़ा तक चलेगी।

अम्बाला मंडल के सीनियर डी.सी.एम. यशनजीत सिंह ने बताया कि यह ट्रेन अप्रैल माह के लिए ही चलाई जा रही है। यह ट्रेन 20, 24 व 29 अप्रैल को हावड़ा, जबकि 22 व 27 अप्रैल को चंडीगढ़ से चलेगी।

चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन से गाड़ी संख्या 04514 रात 11.45 बजे चलकर दूसरे दिन सुबह 6.30 बजे हावड़ा पहुंचेगी। वहीं, गाड़ी संख्या 04513 हावड़ा से सुबह 9 बजे चलकर दूसरे दिन शाम 7 बजे चंडीगढ़ पहुंचेगी। यह ट्रेन चंडीगढ़, अंबाला, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहांपुर, आलम नगर, सुल्तानपुर, वराणासी, न्यू वेस्ट केबिन, पंडित दीन दयाल उपाध्य, गया, असनसोल होते हुए हवाड़ा जाएगी। इस ट्रेन में 15 कोच होंगे।

# महिला आरक्षण की आड़ में खुद को सक्षम बनाने का खेल कर रही भाजपा

चंडीगढ़, 18 अप्रैल (रॉय): चंडीगढ़ महिला कांग्रेस की अध्यक्ष नंदिता हुड्डा ने कहा है कि महिला आरक्षण की आड़ में अपने आप को सक्षम बनाने का खेल कर रही है।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार से निवेदन है कि 2023 में सर्वसम्मति से पारित महिला आरक्षण बिल, जो संविधान का हिस्सा है, को मौजूदा सीटों पर यानी 543 लोकसभा की सीटों पर लागू कर 2029 से ही लागू क्यों नहीं कर रही है। महिलाओं को अधिकार देने का समर्थन भाजपा सरकार करती है तो यह वास्तविक रूप में महिला सशक्तिकरण की ओर मजबूत कदम होगा, जिसका विपक्ष भरपूर सहयोग भी कर रहा है। विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने 100 प्रतिशत सच कहा कि अब जो बिल लाया गया है, ये वास्तव में महिला आरक्षण बिल नहीं है। इस बिल का महिलाओं से कोई संबंध नहीं है। यह बिल ओ.बी.सी. विरोधी है। यह बिल एस.सी. एस.टी. विरोधी है। यह बिल एंटी नैशनल है। दक्षिण उत्तर पूर्व उत्तर पश्चिम और छोटे राज्यों के खिलाफ है।



### महिलाओं की प्रगति और सशक्तीकरण से डरती है कांग्रेसः देवशाली

पूर्व पार्षद शक्ति प्रकाश देवशाली ने महिला आरक्षण विधेयक को गिराने की साजिश रचने के लिए कांग्रेस और सहयोगियों की निंदा की है। उन्होंने इसे महिलाओं के सशक्तीकरण पर सीधा प्रहार और भाजपा सरकार के 'नारी शक्ति वंदन' अभियान को कमजोर करने की घिनौनी चाल बताया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगियों द्वारा विधेयक का विरोध सिद्ध करता है कि ये दल वास्तव में महिला-विरोधी हैं और नारी को सशक्त होते नहीं देख सकते हैं। देश की आधी आबादी वाली 'नारी शक्ति' तीन दशकों से विधेयक की प्रतीक्षा कर रही है।

# पता पूछने के बहाने लूट करने वाले गिरोह की महिला सदस्य गिरफ्तार

## सैक्टर 50 के जंगल में छिपने के लिए बना रखी थी झोपड़ी

चंडीगढ़, 18 अप्रैल (सुशील राज): पता पूछने के बहाने रोक कर लूट की वारदात को अंजाम देने वाले गिरोह की महिला सदस्य को सैक्टर-48 से पुलिस ने दबोच लिया। उसके दो साथी मौके से फरार हो गए। महिला की पहचान बुड़ैल निवासी कोमल के रूप में हुई। महिला की निशानदेही पर पुलिस ने लूटा हुआ पर्स और नकदी बरामद की।

मोहाली निवासी पिंकू कुमार की शिकायत पर सैक्टर-49 थाना पुलिस ने कोमल और फरार साथियों पर लूट का मामला दर्ज किया। जिला अदालत ने महिला को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस टीमें महिला के फरार साथियों की तलाश करने में लगी हुई हैं।

पिंकू कुमार ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार को जगतपुरा से सैक्टर-46 जा रहा था। सैक्टर-48 लाइट प्वाइंट के पास महिला और दो युवकों ने रुकने का इशार किया। महिला रास्ता पूछने लगी तो युवकों ने उसे पीछे से पकड़ लिया। महिला ने पेंट की जेब से पर्स निकाल लिया, जबकि युवक चांदी का लॉकेट और मोबाइल फोन लूटकर सैक्टर-48 के जंगल में घुस गए। सैक्टर-49 थाना पुलिस ने पिंकू के बयानों पर मामला दर्ज किया। थाना प्रभारी इंस्पैक्टर शेर सिंह ने लुटेरों को पकड़ने के लिए टीम बनाकर जंगल में सर्च अभियान चलाया। पुलिस को जंगल के अंदर से बुड़ैल निवासी कोमल मिली, जिसके पास लूटा हुआ पर्स मिला।

### थाना पुलिस ने जंगल एरिया में चलाया सर्च ऑप्रेशन

सैक्टर-49 थाना प्रभारी शेर सिंह ने कोमल की निशानदेही पर सैक्टर-50 के जंगल में सर्च की। वहां पुलिस को एक झोपड़ी मिली, जिसमें महिला और फरार युवक नशा करते थे। इसके बाद रात होते ही राहगीरों से लूट और स्नैचिंग कर जंगल में छिप जाते थे। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी महिला कोमल के खिलाफ 2023 में सैक्टर-34 थाने में चोरी का मामला दर्ज हो रखा है।

# दुष्कर्म मामले में नाबालिग बोली झूठ बोलकर बताई थी 19 की उम्र, बरी

## दो साल पहले पीड़िता के बयानों पर युवक के खिलाफ पॉक्सो एक्ट और दुष्कर्म की धाराओं के तहत केस दर्ज किया था

चंडीगढ़, 18 अप्रैल (परीक्षित सिंह): शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में पीड़िता नाबालिग ने केस का रुख पलटते हुए ऐसा ब्यान दिया कि अदालत ने आरोपी को बरी कर दिया।

दो साल पहले दर्ज केस की सुनवाई के दौरान पीड़िता ने कोर्ट में कबूल किया कि उसने आरोपी से झूठ बोलते हुए अपने आपको बालिग बताया था। पीड़िता ने बयानों में कहा कि उसने आरोपी को अपनी उम्र 19 साल बताई थी। आरोपी को इस बारे में बिल्कुल भी पता नहीं था कि पीड़िता नाबालिग है।

ऐसे में अदालत ने तथ्यों और सभी पक्षों को सुनने के बाद आरोपी को बरी कर दिया। आरोपी की पहचान मूल रूप से उत्तराखंड के रहने वाले शीतल कुमार के रूप में हुई। उसके खिलाफ पुलिस ने दो साल पहले 2024 में एक नाबालिग पीड़िता की शिकायत पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोप में एफ.आई.आर. दर्ज की थी। पीड़िता ने पुलिस को दी शिकायत में कहा था कि आरोपी युवक ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया।

वहीं, वकील दिलीप कटारिया और देविंदर राजवल ने कहा कि उनके बीच आपसी सहमति से संबंध बने थे। आरोपी को पता नहीं था कि पीड़िता नाबालिग है। इससे पहले पीड़िता ने पुलिस को बताया था कि आरोपी ने शादी का झांसा देकर कई बार उसके साथ दुष्कर्म किया। वह गर्भवती हो गई और गर्भपात के लिए सैक्टर-16 अस्पताल गई थी, जिसके बाद मामला पुलिस तक पहुंचा था। पुलिस ने पीड़िता नाबालिग के बयानों पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया था।

# ऑनलाइन जनगणनाः हरियाणा के राज्यपाल ने चंडीगढ़ में की स्वगणना

चंडीगढ़, 18 अप्रैल (अधीर रोहाल): जनगणना 2027 में डिजीटल भागेदारी करते हुए हरियाणा के राज्यपाल प्रो. अशिम कुमार घोष ने चंडीगढ़ में ऑनलाइन जनगणना पोर्टल पर अपनी स्वगणना पूरी की। इस मौके पर निदेशक जनगणना संचालन निदेशालय चंडीगढ़ में डॉ. नवजोत खोसा और उपायुक्त-सह-प्रधान जनगणना अधिकारी निशांत कुमार यादव ने इस प्रक्रिया में सहयोग किया। राज्यपाल ने स्वगणना में शामिल होकर लोगों को सुरक्षित और सुविधाजनक डिजीटल प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया है।

स्वगणना के माध्यम से लोग अपनी सुविधा के अनुसार ऑनलाइन जनगणना विवरण भर सकते हैं। इस प्रक्रिया में आंकड़ों की शुद्धता के साथ ही लोगों और गणना करने वाले कर्मियों दोनों का समय बचता है।

डॉ. नवजोत खोसा ने बताया कि जनगणना संचालन निदेशालय चंडीगढ़ और उपायुक्त सह प्रधान जनगणना अधिकारी और चंडीगढ़ प्रशासन ने स्वगणना प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए कई प्रबंध किए गए हैं। लोगों को किसी भी प्रकार की जानकारी या तकनीकी सहायता के लिए टोल-फ्री हेल्पलाइन (1855 या 18001803821) शुरू किया गया है। भी जहां प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि लोग आधिकारिक जनगणना पोर्टल (https://se.census.gov.in) पर जाकर तय समय अवधि में अपनी स्वगणना प्रक्रिया पूरी करें।



*हरियाणा के राज्यपाल ऑनलाइन जनगणना पोर्टल पर अपनी स्वगणना पूरी की।*

# महिलाओं के लिए मासिक डी.बी.टी. योजना को लेकर प्रशासक को लिखा पत्र

## डी.बी.टी. प्रणाली के माध्यम से हर महीने मिले आर्थिक सहायता

चंडीगढ़, 18 अप्रैल (रॉय): मेयर सौरभ जोशी ने महिलाओं के सशक्तिकरण को मजबूत करने के लिए अहम पहल करते हुए 18 वर्ष से अधिक आयु की हर महिला के लिए मासिक डायरैक्ट बेनिफिट ट्रांसफर योजना का प्रस्ताव रखा है।

मेयर ने पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. प्रशासक गुलाब चंद कटारिया को पत्र लिखकर चंडीगढ़ प्रशासन से अनुरोध किया है कि महिलाओं के खातों में आधार से जुड़ी पारदर्शी डी.बी.टी. प्रणाली के माध्यम से हर महीने आर्थिक सहायता दी जाए। उन्होंने कहा कि महिलाएं समाज और परिवार की मजबूत नींव हैं, इसलिए आर्थिक रूप से सशक्त होना बहुत जरूरी है।

मेयर ने अन्य राज्यों में महिला हितैषी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि चंडीगढ़ को भी ऐसी प्रगतिशील योजनाएं अपनानी चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि योजना में विधवा, अविवाहित, दिव्यांग और परिवार की महिला मुखियाओं को प्राथमिकता दी जाए और पंजीकरण प्रक्रिया को सरल बनाया जाए। इस योजना से न केवल परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, बल्कि महिलाओं का आत्मविश्वास, सम्मान और स्वतंत्रता भी बढ़ेगी, जिससे समाज और अधिक समान और संवेदनशील बनेगा।

उन्होंने उम्मीद जताई कि चंडीगढ़ प्रशासन इस प्रस्ताव पर सकारात्मक विचार करेगा और इसे लागू करने के लिए जरूरी कदम उठाएगा। उन्होंने कहा, "जब महिलाएं आगे बढ़ती हैं, तो समाज भी आगे बढ़ता है। महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण चंडीगढ़ के भविष्य को मजबूत बनाता है।"

### पी.जी.आई. में मरीजों को राहत
# 25 बारकोड प्रिंटर मिले, लैब रेडियोलॉजी प्रक्रिया होगी तेज



चंडीगढ़, 18 अप्रैल (पाल) : पी.जी.आई. में मरीजों की सुविधा और अस्पताल की कार्यप्रणाली को बेहतर बनाने के लिए बड़ा कदम उठाया गया है। संस्थान को नो थायसेल्फ ऐज सोल फाउंडेशन की ओर से 25 बारकोड प्रिंटर मिले हैं। यह प्रिंटर पी.जी.आई. में शुरू किए गए बारकोड आधारित सिस्टम को मजबूत करेंगे, जो खासतौर पर लैब और रेडियोलॉजी सेवाओं में इस्तेमाल होगा। इस सिस्टम से प्रक्रिया तेज होगी और इंतजार का समय कम होगा तथा मैडिकल रिकॉर्ड काऊंटर पर भीड़ भी घटेगी।

**सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में अहम कदम :** पी.जी.आई. निदेशक प्रो. विवेक लाल ने कहा कि यह सहयोग मरीज केंद्रित सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में अहम कदम है। बारकोड टैक्नोलॉजी से काम आसान होगा, इंतजार कम होगा और मरीजों का अनुभव बेहतर बनेगा।

# मैडिकल प्रोफैशन में अनुशासन और ईमानदारी बेहद जरूरी : किरण बेदी

चंडीगढ़, 18 अप्रैल (पाल) : चंडीगढ़ में आयोजित नैशनल मैडिकल कॉन्फ्रैंस एपिक में देशभर से 600 से अधिक डॉक्टर और हैल्थ प्रोफैशनल्स शामिल हुए। दो दिवसीय इस कॉन्फ्रैंस में डॉक्टरों को नई मैडिकल तकनीकों, क्लीनिकल अपडेट और प्रैक्टिकल ट्रेनिंग से जोड़ने पर खास जोर दिया गया, ताकि मरीजों को बेहतर और प्रभावी इलाज मिल सके। कार्यक्रम की मुख्यातिथि देश की पहली महिला आई.पी.एस. अधिकारी और पूर्व उपराज्यपाल किरण बेदी ने अपने संबोधन में कहा कि मैडिकल प्रोफैशन में लीडरशिप, अनुशासन और ईमानदारी बेहद जरूरी हैं।

उन्होंने कहा कि डॉक्टर केवल इलाज नहीं करते, बल्कि समाज में भरोसा भी बनाते हैं। ऐसे में साहस, धैर्य और नैतिकता जैसे मूल्यों का पालन बेहद जरूरी है। किरण बेदी ने महिलाओं को नेतृत्व की भूमिकाओं में आगे आने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि उनकी भागीदारी देश के विकास में अहम भूमिका निभाती है। उन्होंने चंडीगढ़ की साफ सफाई और शहरी प्लानिंग की सराहना की। इसके साथ ही ट्रैफिक मैनेजमैंट और नागरिक जिम्मेदारी को और मजबूत करने की जरूरत बताई। कॉन्फ्रैंस के दौरान इंट्रैक्टिव वर्कशॉप्स में डॉक्टरों को वास्तविक केस के आधार पर इलाज की रणनीति समझाई गई।



*कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए आई.पी.एस. अधिकारी किरण बेदी।*

# हैरोइन बेचने वाले के घर में छापेमारी, पुलिस को मिला ताला

चंडीगढ़, 18 अप्रैल (सुशील राज): हल्लोमाजरा निवासी विपिन उर्फ आदित्य को 16.41 ग्राम हैरोइन के साथ मौलीजागरां थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि रामदरबार निवासी रवि उर्फ भूरा से नशीला पदार्थ खरीदता था। मौलीजागरां थाना पुलिस ने आरोपी विपिन का रिमांड हासिल कर भूरा के घर छापेमारी की। इस दौरान मौलीजागरां और सैक्टर-31 थाना पुलिस की टीमें शामिल थीं। पुलिस के आने से पहले ही भूरा परिवार के साथ ताला लगाकर फरार हो गया था। दोनों थाना पुलिस को वापस खाली हाथ लौटना पड़ा। पुलिस टीमें आरोपी रवि की तलाश करने में लगी हुई हैं।

मौलीजागरां थाना प्रभारी जसकरण ने बताया कि दो दिन पहले हल्लोमाजरा निवासी विपिन उर्फ आदित्य को गिरफ्तार कर 16.41 ग्राम हैरोइन बरामद की थी। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि रामदरबार निवासी रवि से नशीला पदार्थ खरीदा था। पुलिस ने छापेमारी के लिए जिला अदालत से वारंट हालिस किया। इसके बाद मौलीजागरां और सैक्टर 31 थाना पुलिस ने मिलकर रवि के घर पर छापेमारी की तो वहां ताला लगा था। आरोपी विपिन ने बताया कि भूरा ने पहले उसे खुद नशे की लत लगाई। शुरूआत में उसे हैरोइन देता था, जिससे धीरे-धीरे वह आदी हो गया। इसके बाद रवि ने उसे अपने नैटवर्क में शामिल कर लिया।

## ट्राईसिटी स्पोर्ट्स

**पंजाब किंग्स व लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच मुकाबला आज : बल्लेबाजी के दम पर पंजाब किंग्स जीत का सिलसिला बढ़ाने उतरेगी मैदान में**

# पंजाब किंग्स जीत की लय को बरकरार रखेगी : कोच जेम्पस होप



*प्रैसवार्ता के दौरान पंजाब किंग्स के गेंदबाजी कोच जेम्स होप जानकारी देते हुए। (राणा)*

चंडीगढ़,18 अप्रैल (लल्लन): महाराजा यादविन्द्र सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम मुल्लांपुर में पंजाब किंग्स व लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच रविवार को शाम 7.30 बजे मुकाबला खेला जाएगा। आई.पी.एल.-2026 में पंजाब किंग्स अपनी मजबूत बल्लेबाजी के दम पर अपने अजेय अभियान को जारी रखने के इरादे से लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ उतरेगी, जो कप्तान ऋषभ पंत की चोट से जूझ रही है। यह मुकाबला दोनों टीमों के लिए अहम माना जा रहा है, खासकर लखनऊ के लिए, जो टूर्नामैंट में वापसी की तलाश में है।

पंजाब किंग्स जीत की लय को बरकरार रखेगी, लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ बेहतरीन मुकाबला होगा जिसको लेकर हमने तैयारी की है। यह कहना पंजाब टीम के गेंदबाजी कोच जेम्स होप का है। उन्होंने प्रैसवार्ता के दौरान कहा कि टीम निरंतरता बेहतरीन प्रदर्शन कर रही है और यह सिलसिला कायम रखने की कोशिश करेंगे। एक सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि यदि एक दो मैच में सल्लामी बल्लेबाज आउट होते हैं तो टीम के मध्यक्रम के बल्लेबाज भी बेहतरीन बल्लेबाजी कर रहे हैं। इससे टीम पर ज्यादा दबाव नहीं आता है। इसके साथ ही होम ग्राउंड के सवाल पर कहा कि विकेट बेहतरीन है।



## दोनों टीमों ने गेंदबाजी और बल्लेबाजी में खोले हाथ



*अभ्यास सत्र के दौरान एडन मार्करम व अन्य खिलाड़ी। (के.एस.राणा)*

मुल्लांपुर क्रिकेट स्टेडियम में लखनऊ सुपर जांयट्स और पंजाब किंग्स की टीम शाम 5.30 बजे अभ्यास सत्र के लिए पहुंची। जहां पर टीम के खिलाड़ियों ने मैदान के अंदर और पिच पर गेंदबाजी और बल्लेबाजी का जमकर अभ्यास किया। ऋषभ पंत जोकि पिछले मुकाबले में चोटिल हो गए थे, इस मुकाबले के लिए फिट लग रहे थे। उन्होंने अभ्यास सत्र में बल्ले से जमकर अभ्यास किया। वहीं निकोलस पूरन, एडन मार्करम और मिचेल मार्श ने बल्लेबाजी में हाथ खोले। पंजाब खिलाड़ी ने मैदान पर पहले चक्कर लगाते हुए रनिंग करते हुए अपने आप का वार्म अप किया। प्रभसिमरन, हरप्रीत बराड़, अर्शदीप सिंह, निहाल वढेरा ने गेंदबाजी के साथ बल्लेबाजी से भी जमकर अभ्यास किया। वहीं टीम के कप्तान श्रैयस अय्यर अभ्यास सत्र में बल्ले से लंबे लंबे शॉट्स लगाते हुए दिखाई दिए।



*अभ्यास सत्र के दौरान आपस में बातचीत करते ऋषभ पंत व गेंदबाज युजवेंद्र चहल। (मोहित)*

### कोच भरत अरूण बोले– ऋषभ पंत फिट, खेलेंगे आज का मुकाबला



*लखनऊ सुपर जायंट्स के गेंदबाजी कोच भरत अरूण। (राणा)*

ऋषभ पंत इंजरी से उभर चुके हैं और पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच में उतरेगें। यह कहना है लखनऊ सुपर जायंट्स के गेंदबाजी कोच भरत अरूण का है। उन्होंने कहा कि ऋषभ पंत नैट में बल्लेबाजी की प्रैक्टिक की है और वह अच्छा महसूस कर रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि टीम में प्रिंस यादव, आवेश खान और मोहम्मद शमी बेहतरीन गेंदबाज हैं जो किसी भी मैच का रूख बदल सकते हैं।

वही बल्लेबाजी के सवाल पर कहा कि हमने कुछ गलतियां की हैं जिससे सुधारने के साथ ही बेहतरीन करना है, इसलिए पंजाब किंग्स के खिलाफ मुकाबला अच्छा होगा। पंजाब किंग्स के खिलाफ रणनीति के बारे में बातचीत की गई तो उन्होंने कहा कि इसका खुलासा नहीं किया जा सकता।

# रोहित शर्मा की क्रिककिंगडम क्रिकेट अकादमी ट्राईसिटी में पहली बार

चंडीगढ़,18 अप्रैल (लल्लन) : रोहित शर्मा की क्रिककिंगडम क्रिकेट अकादमी दीक्षांत इंटरनैशनल स्कूल में शुरू की जा रही है, जिसकी जानकारी रोहित शर्मा के भाई विशाल शर्मा ने प्रैसवार्ता के दौरान दिया। उन्होंने कहा कि यह नोर्थ इंडिया में पहली क्रिकेट अकादमी शुरू की जा रही है जहां बच्चों को सिर्फ क्रिकेट ही नहीं जीवन के मूल्यों के बारे में भी बताया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अकादमी के साथ-साथ हम एक विशेष स्पोर्ट्स हॉस्टल भी बना रहे हैं और पूरे उत्तर भारत में सक्रिय रूप से प्रतिभाओं की खोज करेंगे और होनहार खिलाड़ियों को व्यवस्थित प्रशिक्षण और स्कॉलरशिप्स देंगे।

यह एकैडमी रोहित शर्मा की क्रिकेट में उत्कृष्टता से जुड़े दृष्टिकोण पर आधारित है। उन्होंने कहा कि अकादमी में ट्रेनिंग लेने वाले बच्चे को 2 हजार रूपए सभी सुविधाए मुहैया करवाई जाएगी।



# JOIN OUR PAID SERVICE - 2026

Daily PDF Access | Editorial Bonus | Almost All Editions

## ENGLISH NEWSPAPERS

The Hindu, Indian Express, Hindustan Times, Business Line, Business standard, The Live Mint, Times of India, Telegraph, New Indian Express, Asian Age, Statesman, Tribune, Pioneer, Financial Express, The Economic Times, Mid-Day, Deccan Chronicle, Employment News, Free Press Journal, Hans India, Deccan Herald, Lokmat Times, Mirror, Telangana Today

## HINDI NEWSPAPERS

दैनिक जागरण, अमर उजाला, दैनिक भास्कर, हिंदुस्तान, बिज़नेस स्टैण्डर्ड, राजस्थान पत्रिका, हरी भूमि, लोकसत्ता , पायनियर , दैनिक ट्रिब्यून , द हिन्दू, राष्ट्रीय सहारा , नवभारत टाइम्स, पंजाब केसरी, जनसत्ता, देशबंधू, प्रभात खबर, दैनिक नवज्योति, आईनेक्स्ट लाइव, लोकमत, नव भारत, नई दुनिया

### 🎁 Bonus Included :

- ✅ The Hindu Analysis
- ✅ Editorial Complation
- ✅ The Hundu in Hindi

### 🎁 Bonus Included :

- ✅ The Hindu Analysis
- ✅ Editorial Complation
- ✅ The Hundu in Hindi

## ✍ Full Package : All in One Plan

**The Hindu Plan**

(Starter) 1 Month = ~~199~~ ₹99
(★ Popular) 6 Month = ~~599~~ ₹349
(👑 Best Value) 1 Year = ~~999~~ ₹549

*Special Offer*

**You will Get**

- 20+ Hindi Newspapers
- 22+ English Newspapers
- THE Hindu, BL,IE,TOI,ET, etc..
- Dainik Jagran, NBT, DB, Etc..
- Editorial Complation (En & Hi)
- The Hindu Analysis

You Get All Editions of These Premium Newspapers

## ✍ The Hindu, BL, IE, NIE Plan

**The Hindu Plan**

(Starter) 1 Month = ~~149~~ ₹69
(★ Popular) 6 Month = ~~499~~ ₹269
(👑 Best Value) 1 Year = ~~799~~ ₹399

*Special Offer*

**You will Get**

- The Hindu (TH)
- Business Line (BL)
- Indian Express (IE)
- New Indian Express (NIE)
- Editorial Complation
- The Hindu Analysis

You Get All Editions of These Premium Newspapers

Order Now



LIMITED TIME OFFER

Telegram Access Available

→ CLICK HERE & JOIN NOW